केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 276 | उज्जैन, मंगलवार 21 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए




श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

**सुविचार**

जिंदगी में कुछ भी बोझ जैसा मत रखिए ...
फिर चाहे रिश्ता हो या अभिमान ,
अक्सर इंसान दब जाता है ..!

## न्यूज ब्रीफ

### पटना में बड़ा हादसा; ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से 4 महिला मजदूरों की मौत, 3 गंभीर घायल

**पटना/जीएनएस।** पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां दरवेशपुर ब्यापुर में स्थित ईंट भट्ठे की करीब 50 इंच मोटी चौड़ाई की दीवार भरभरा कर गिर गई, जिसके मलबे में 7 लोग दब गए। हादसे में चार महिला मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में तीन झारखंड और एक बिहार के गया जिले की बताई जा रही हैं। सभी मृतक व घायल महिलाएं हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, दरवेशपुर गांव के सोन सुरक्षा बांध के अंदर स्थित लक्की ईंट भट्ठा पर सोमवार सुबह मजदूर ईंट भट्टे के अंदर से ईंटों का निकालने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दीवार भरभरा कर मजदूरों के ऊपर ही गिर गई। आनन-फानन में आसपास के लोगों और भट्ठा मालिक द्वारा सभी को निकालकर अनुमंडल अस्पताल दानापुर ले जाया गया, जहां 4 लोगों की मौत की पुष्टि की गई। हादसे में घायल हुई तीन महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है।

### शराब घोटाले में 14 दिन बढ़ी दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत

**नई दिल्ली/जीएनएस।** शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दर्ज केस में आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। वह 22 मार्च तक ईडी की रिमांड पर हैं। ऐसे में यदि आगे ईडी को सिसोदिया की रिमांड नहीं भी मिलती है, तो सिसोदिया को दोबारा तिहाड़ भेजा जाएगा। उन्हें कम से कम तीन अप्रैल तक जेल में ही रहना होगा। शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव- राहुल गांधी बोले, कर्नाटक में बेरोजगारों को हर महीने तीन हजार देगी कांग्रेस

**बंगलूर/जीएनएस।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गहमा-गहमी शुरू हो चुकी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को बेलगावी में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए



युवा निधि योजना की घोषणा की, जिसके तहत मासिक भत्ता देने का प्रावधान है। राहुल ने सत्ताधारी भाजपा पर निशाने साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार बेरोजगारी कम करने के लिए कुछ नहीं कर रही। इसलिए कांग्रेस पार्टी ग्रेजुएट्स बेरोजगारों को दो साल तक हर महीने 3,000 रुपए देगी और डिप्लोमा होल्डर्स को दो साल तक हर महीने 1,500 रुपए देगी। पार्टी के सत्ता में आने पर युवा निधि योजना तुरंत लागू की जाएगी। राहुल ने युवाओं से वादा किया कि कांग्रेस सरकार बनने पर 10 लाख रोजगार का सृजन होगा और खाली पड़े अढ़ाई लाख सरकारी पदों को भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां सब लोगों ने कहा कि कर्नाटक की सरकार देश में सबसे भ्रष्ट सरकार है, यह 40 प्रतिशत कमीशन सरकार है। यहां कुछ भी काम करवाना है, 40 प्रतिशत कमीशन देना होता है। भाजपा के एक विधायक के बेटे को पकड़ा गया, जिसके पास से आठ करोड़ बरामद हुए। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सभी नेता मिलकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा का सूपड़ा साफ किया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में हो रही है सामाजिक क्रांति : मुख्यमंत्री चौहान

**बहनों का मान-सम्मान और आत्म-विश्वास बढ़ाएगी लाड़ली बहना योजना «««बेटियों की शादी की चिंता मत करना, मामा कराएगा«««बहनों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ किये वितरित««« मुख्यमंत्री श्री चौहान बालाघाट जिले के लांजी में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए सामाजिक क्रांति हो रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, स्थानीय निर्वाचन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, पुलिस भर्ती में आरक्षण, आजीविका मिशन और संबल जैसी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। अब लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है, जिनसे न केवल महिलाओं का समग्र विकास होगा, अपितु समाज में उनका मान-सम्मान और आत्म-विश्वास भी बढ़ेगा।



मुख्यमंत्री श्री चौहान आज बालाघाट जिले के लांजी में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बहनों को विभिन्न योजनाओं में हितलाभ वितरित किये। प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन किया और पुष्प-वर्षा कर बहनों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री को बहनों ने राखी भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में दीदी कैफे संचालित करने वाली बहन अंजली चौरे को 10 लाख रूपए का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरी जिंदगी का उद्देश्य बहनों का कल्याण है। बहनों के होठों पर हँसी हो, तो भाई की जिंदगी सफल है। मध्यप्रदेश में नारियों का सम्मान सर्वोच्च है। बहनें किसी भी प्रकार का अन्याय सहन न करें, तुम्हारा भाई हमेशा तुम्हारे साथ है। बहन-बेटियों की शादी की चिंता न करें, शिवराज मामा उनकी शादी कराएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने से पहले मैं और मेरी पत्नी मिल कर गरीब बेटियों की शादी करवाते थे। जब मैं मुख्यमंत्री बना तो मैंने सबसे पहले मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू की। पिछली सरकार ने इस योजना का लाभ किसी को नहीं दिया। अब हमने निर्णय लिया है कि इस योजना में 50 हजार की राशि का चेक बेटियों को और 6 हजार रूपये आयोजक संस्था को दिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में बेटियों को अभिशाप के स्थान पर वरदान बनाया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना में बेटी के जन्म लेते ही उसके नाम पर 30 हजार रूपये जमा करवा दिए जाते हैं, जिससे समय-समय पर उसे पढ़ाई आदि के लिए राशि मिलती रहे। आज मध्यप्रदेश में 44 लाख 50 हजार लाड़ली लक्ष्मी बेटियाँ हैं। बेटियों की पढ़ाई और उच्च शिक्षा की फीस भी मामा भरवाता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज पंचायतों में बड़ी संख्या में बहनें प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उनका राजनीतिक सशक्तिकरण हुआ है। मध्यप्रदेश में पंचायतों में 50 प्रतिशत सीटें बहनों के लिए आरक्षित की गई हैं। पुलिस की भर्ती में भी बहनों को आरक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं के स्व-सहायता समूह बनाए जाकर उन्हें विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान की जाती है। इससे उनका आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण हो रहा है। साथ ही उनके आत्म-विश्वास में वृद्धि हो रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस बार जब मुख्यमंत्री बना, तब से ही उनके मन में निरंतर यह विचार आ रहा था कि वह बहनों को क्या उपहार दें। मैंने सोचा कि एक बार नहीं प्रतिमाह बहनों को उपहार दिया जाए। गत 28 जनवरी को सुबह 4 बजे मेरे मन में लाड़ली बहना योजना की संकल्पना आई और मैंने निर्णय लिया कि हर माह गरीब और निम्न मध्यम वर्गीय बहनों के खाते में 1000 रूपये डालूंगा। लाड़ली बहना योजना का लाभ उन सब बहनों को मिलेगा जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रूपये से कम है। बहनों को इसके लिए कोई आय प्रमाण-पत्र नहीं देना होगा। बस एक फॉर्म भरना होगा, जिसे हमारे कर्मचारी आपके गाँव, मोहल्ले में आकर भरवा लेंगे। साथ ही वे आपका ई-केवाईसी भी करवायेंगे।


मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 25 मार्च से लाड़ली बहना योजना के फॉर्म भरना प्रारंभ होगा, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। आगामी 10 जून से बहनों के खाते में पैसे आना प्रारंभ हो जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्पष्ट रूप से कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए बहनों को किसी को भी कोई राशि देने की आवश्यकता नहीं है। ई-केवाईसी के लिए प्रत्येक प्रकरण में सरकार 15 रूपये केवाईसी करने वाली संस्था को देगी। यदि कोई भी व्यक्ति बहनों से कोई राशि की मांग करें तो उसकी शिकायत तुरंत 181 पर करें, उस व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना के क्रियान्व्यन में महिलाएँ ÷लाड़ली बहना सेना÷ में शामिल होकर अपनी भागीदारी निभाये। मुख्यमंत्री ने घरेलू हिंसा, सामाजिक कुरीतियों एवं अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का आहवान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आगामी 1 अप्रैल से प्रदेश में सभी शराब के अहाते बंद कर दिए जाएंगे।

मुख्यामंत्री श्री चौहान ने पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे की मांग पर पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से चर्चा कर लांजी के कोटेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार की बात कही। उन्होंने खराड़ी एवं बाघ सिंचाई परियोजना की नहरों के कार्य और नगर परिषद लांजी के विकास के लिये आवश्यक राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग श्री गौरी शंकर बिसेन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश का चहुँमुखी विकास हुआ है। समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रदेश में कार्य हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना जैसी अभिनव योजना के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार माना। आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री श्री राम किशोर %नानो% कावरे, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे सहित जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएँ एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## गौरैया का सबसे बड़ा संरक्षक बना यह जिला लोगों ने घर-घर में लगा रखे हैं कृत्रिम घोंसले

**इटावा/जीएनएस।** देश में तेजी से लुप्त हो रही गौरैया चिड़िया की प्रजाति के संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के लोग आगे आए हैं। इटावा में घर घर में गौरैया की मौजूदगी ने हर किसी को बेहद खुश कर दिया है। दूसरे शब्दों में कहे तो गौरैया चिड़िया का सबसे बड़ा संरक्षक जिला इटावा बन गया है। जिला प्रभागीय वन अधिकारी अतुल कांत शुक्ला बताते है कि वन विभाग और पर्यावरणीय संस्थाओं की पहल का ही यह नतीजा हैं कि आज बड़ी तादाद में हर और



गौरैया चिड़िया नजर आ रही।चंबल सेंचुरी के रेंजर हरिकिशोर शुक्ला कहते हैं कि आज से दस साल पहले गौरैया चिड़िया ना के बराबर दिखती थी लेकिन आज गौरैया चिड़िया की जिस तरह से संख्या दिखाई दे रही है वह कहीं ना कहीं हर किसी को खुश जरूर कर रही है।

## सागरदीघी हार पर बौखलाई ममता बनर्जी

**कोलकाता/जीएनएस।** मुर्शिदाबाद में सागरदिघी विधानसभा की हार को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बौखला गई हैं। ममता बनर्जी ने हार का गुस्सा बंगाल की तीनों विपक्षी पार्टियों बीजेपी, कांग्रेस और लेफ्ट पर उतारा है। ममता बनर्जी ने कहा कि 'बारयन' बीजेपी का आदमी है। वह कांग्रेस उम्मीदवार बनकर खड़ा हुआ है और उसे लेफ्ट ने समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी पर सीधा हमला बोला है। ममता ने दावा किया कि सागरदिघी में कांग्रेस, सीपीएम और बीजेपी के बीच अनैतिक गठबंधन था।

## कनाडा में सिख छात्र पर हमला, पगड़ी उतार कर बालों को खींचा, फिर बेहोश होने तक पीटा

**टोरंटो/जीएनएस।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सिख छात्र पर हमले का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 21 वर्षीय सिख छात्र पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर उसकी पगड़ी उतार दी और उसे बालों से खींचते हुए सडक़ के किनारे ले गए। पीड़ित की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर हुई है। सिंह पर शुक्रवार रात उस समय हमला किया गया, जब वह अपने घर लौट रहा था। काउंसलर मोहिनी सिंह ने बताया कि उन्हें हमले के तुरंत बाद ही



इसकी जानकारी मिली और वह गगनदीप से मिलने पहुंची। उन्होंने कहा कि मैं उसे देखकर हैरान रह गई। वह अपना मुंह भी नहीं खोल पा रहा था। गगनदीवप की आंखें सूजी हुई थीं और वह काफी दर्द में था। काउंसलर मोहिनी ने बताया कि गगनदीप रात करीब साढ़े 10 बजे किराने की खरीददारी के बाद घर जा रहा था, तभी बस में उसका 12-15 युवकों से सामना हुआ।

उन्होंने कहा कि वे उसे परेशान करने लगे और उसकी ओर एक विग फेंक दी। छात्र ने उनसे कहा कि उसे परेशान न करे, नहीं तो वह पुलिस को फोन कर देगा।

## पीएम के इशारे पर ही काम कर रही दीदी; कांग्रेस का हमला राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए दोनों में हुई डील

**नई दिल्ली/जीएनएस।**राहुल गांधी को मोदी की टीआरपी बताए जाने वाले ममता बनर्जी के बयान पर कांग्रेस भडक़ गई है। ममता बनर्जी ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि यह भाजपा ही है, जो राहुल गांधी को चर्चित करती है। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी जब तक विपक्ष के नेता के तौर पर रहेंगे, तब तक पीएम नरेंद्र मोदी से लडऩा मुश्किल रहेगा। अब उनके बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी की पीएम नरेंद्र मोदी से डील हुई है। वह पीएम मोदी के इशारे



पर ही काम कर रही हैं। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बंगाल सीएम ममता बनर्जी और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच राहुल गांधी की छवि को खराब करने के लिए एक डील हुई है।

चौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी पीएम नरेंद्र मोदी के इशारे पर बोल रही हैं। पीएम मोदी और दीदी के बीच कांग्रेस एवं राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए डील हुई है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी खुद को ईडी और सीबीआई की रेड से बचाना चाहती हैं, इसलिए वह अब कांग्रेस के खिलाफ बोल रही हैं। इस बात से पीएम नरेंद्र मोदी खुश होंगे। इससे पहले रविवार को ममता बनर्जी ने कहा था कि भाजपा संसद को बाधित कर रही है। वह फिलहाल मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। इसलिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हीरो वाली छवि पेश कर रही है। उनके ब्रिटेन में दिए गए बयान को मुद्दा बना रही है।






# जापान संग स्वाद और संवाद; पीएम मोदी-फूमियों किशिदा में कई मुद्दों पर चर्चा, गोलगप्पों का उठाया लुत्फ

**नई दिल्ली/जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। कोविड-19 महामारी के बाद भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए दोनों ने व्यापक चर्चा की। चर्चा के बाद जापान के प्रधानमंत्री के साथ पीएम मोदी ने संयुक्त प्रेस बैठक की। प्रेस बैठक में मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं प्रधानमंत्री किशिदा और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं। पिछले एक वर्ष में प्रधानमंत्री किशिदा और मैं कई बार मिले हैं और हर बार, मैंने भारत-जापान संबंधों के प्रति उनकी सकरात्मकाता और प्रतिबद्धता को महसूस किया है, इसलिए, आज की उनकी यात्रा हमारे आपसी सहयोग का मोमेंटम बनाए रखने के लिए बहुत उपयोगी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच क्रिटिकल टेक्नोलॉजी, डिजिटल समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। लॉजिस्टिक, फूड प्रोसेसिंग, स्टील, एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।



2023 को टूरिज्म एक्सचेंज के रूप में मना रहे हैं। वहीं जापानी प्रधानमंत्री किशिदा ने कहा कि मैंने आज पीएम मोदी को हिरोशिमा में होने वाले जी-7 समिट के लिए न्योता दिया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मैं भारत की धरती से आजाद इंडो-पैसिफिक को लेकर अपना विजन साझा करूंगा। इस दौरान, भारत और जापान के बीच दो अहम समझौते हुए। इनमें पहला जापानी भाषा में एमओसी (सहयोग ज्ञापन) के नवीनीकरण से संबंधित है। इसका उद्देश्य अनिवार्य रूप से उच्च स्तर की भाषा सीखने पर ध्यान केंद्रित करना है। वहीं, दूसरा समझौता मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेलवे परियोजना से संबंधित है। दूसरे समझौते में इस परोयोजना के लिए 300 अरब के जेआईसीए ऋण पर नोटों का आदान-प्रदान था। बुलेट ट्रेन परियोजना पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारत, जापान के बीच ऋण समझौते की चौथी किश्त पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही नेताओं ने परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति का जायजा भी लिया।

**किशिदा को चंदन से बनी बुद्ध की प्रतिमा गिफ्ट**-जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा दो दिन के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने राजघाट पहुंच कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हैदराबाद हाउस में किशिदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मोदी ने पीएम किशिदा को चंदन से बनी बुद्ध की प्रतिमा गिफ्ट में दी। मोदी और किशिदा का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें जापान के प्रधानमंत्री मोदी के साथ लस्सी बनाने वाली लकड़ी को घुमाते और गोलगप्पे खाते नजर आ रहे हैं।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

# बारिश के कारण फसल नुकसान, जनहानि, पशु हानि हुई हो तो तत्काल संज्ञान में लेकर कार्यवाही सुनिशिचत करें-कलेक्टर



**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों (टीएल) की बैठक आयोजित थी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव, एडीएम एसएस मुजाल्दा, एसडीएम झाबुआ सुनिल कुमार झा, डिप्टी कलेक्टर एलएन गर्ग एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

श्रीमती सिंह ने निर्देश दिये कि बारिश के कारण किसी क्षैत्र में फसल का नुकसान हुआ हो या जनहानि, पशु हानि हुई हो तो तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान किसानों को भी साथ में ले। लाडली बहना योजना के अंतर्गत ई-केव्हायसी के लिए तहसीलदार एवं सीईओ जनपद पंचायत अभियान में लेकर मिशन मोड में काम करें एवं शत-प्रतिशत ई-केव्हायसी की प्रगति से अवगत करवायें। वर्तमान में केवल जनपद पंचायत पेटलावद क्षैत्र के द्वारा ही अच्छा कार्य किया गया है शेष सभी जनपद पंचायत कार्यवाही सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों में समग्र आई डी को लिंक करना, बैंक से आधार लिंक करने, मोबाईल से बैंक खाता लिंक करने की कार्यवाही की जावें जिससे लाडली बहना योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ प्रदान करें। जिस ग्राम पंचायतों में नेटवर्क समस्या है उसकी सूची तत्काल इस कार्यलय को भेजे । आगामी सप्ताह में समाधान आनलाईन की बैठक संभावित है। तत्काल समाधान आनलाईन में दर्ज प्रकरणों का निराकरण करें । इसके अतिरिक्त सी.पी ग्राम की समीक्षा का भी निराकरण करें। वे विभाग जिनके बजट लेप्स हो रहे है, तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

श्रीमती सिह ने निर्देश दिये की सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समयावधि पत्रो वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त आवेदन, माननीय मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करे। आगामी टीएल के पूर्व निराकरण प्रतिवेदन समक्ष में प्रस्तुत करे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विशेष प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करे। राजस्व मामले के प्रकरण जो सीएम हेल्पलाइन में लबिंत है, उन्हे सज्ञान में लेकर जल्द से जल्द पेशी लगाकर निराकरण करे। लंबित शिकायतों के निराकरण समयसीमा में नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

शासन के निर्देशानुसार एवं आमजन के लिये आयुष्मान कार्ड जो ग्रामों में शहरों के वार्डो में लंबित है, उन्हें इस समय जब पलायन पर गयें, ग्रामीण वापस आये है इस समय अभियान के तौर पर कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये। लाडली बहना योजना के प्रकरण तैयार करे। जहां पर बायोमैट्रिक मशीन है, वहां कैम्प लगाकर बनाये एवं जहां बायोमैट्रिक मशीन नहीं है तत्काल क्रय कर कार्यवाही सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त जहां नेटवर्क समस्या है, वहां डार्कस्पाट चिन्हित करे एवं ऑफलाइन करने के लिये राज्य शासन से अनुमति की कार्यवाही सुनिश्चित करे। एप के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। लाडली बहना योजना के प्रकरण तैयार करने के लिये किसी भी प्रकार के दस्तावेज नही मागे जाये केवल आधार से बैंक खाता लिंक करवाना है एवं आवेदक महिला के पास स्वयं का मोबाइल बैंक से एवं आधार से लिंक होना चाहिये। इस संबध में आवेदन पत्र प्रिन्ट कर भेजे जा रहे है, जो 25 मार्च से आरम्भ होगे।

सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण के लिए श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि विभाग अपने शिविर लगाएं। नॉनअटेंड शिकायतें होने पर सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस सप्ताह शत प्रतिशत शिकायतों का निराकरण हो जाएं इस प्रकार की कार्यवाही की जाएं। निम्न गुणवत्तापूर्ण जवाब दर्ज नहीं करें। सीएम हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। सी.एम. हेल्पलाईन में 100 दिवस, 300 दिवस व 500 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को जल्द से जल्द निराकरण करना सुनिश्चित करें। प्रति माह के प्रथम एवं द्वितिय सप्ताह में अभियान चलाकर सभी विभाग सीएम हेल्पलाईन का निराकरण करेंगें। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन के संबध में यह निर्धारित कर लिया जाये कि आवेदक पात्र है या अपात्र है इस आधार पर तत्काल निराकरण करे। सम्बल योजना के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करे।श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि भू-माफिया, शराब माफिया मिलावटखोरों, खनिज माफिया, शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण करने वालों का निरन्तर सर्वे किया जाकर उन पर निरन्तर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए, रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे के बीच के समय ध्वनि विस्तारक यंत्रों को चलवाया नहीं जाएगा तथा किसी भी स्थान में तीव्र संगीत बजाया या बजवाया नहीं जाएगा। ऐसा पाये जाने पर कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.एस. ठाकुर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग गणेश भाभर एवं समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो काफ्रेसिंग के माध्यम से समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ एवं बीएमओ उपस्थित थे।

## कुशवाहा बने आगर मालवा जिले के जिला अध्यक्ष



**सोयत कला/ विष्णु जाटव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्य प्रदेश की बैठक भोपाल में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने आगर मालवा जिले में कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष के पद पर दयाराम कुशवाह (पार्षद )को मनोनीत किया। कुशवाह के युवा जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर इष्ट मित्रों सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त कर बधाइयां प्रेषित की।

## मौसम की विविधता में श्री अन्न की उपयोगिता विषय पर कृषक जागरूकता कार्यक्रम

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज दिनांक 18.03.2023 को केवीके के सभागार में एक दिवसीय मौसम की विविधता में श्रीअन्न की उपयोगिता विषय पर कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. आई.एस. तोमर प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके झाबुआ ने की। इस कार्यक्रम में 95 विभिन्न ग्रामो से आये किसानों, केवीके के वैज्ञानिक डॉ. जगदीश मौर्य, डॉ. चन्दन कुमार, डॉ. आर.के. त्रिपाठी, अनिल शर्मा, ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम की आरंभ में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई-दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रीअन्न (मिलेट्स) सम्मेलन का लाईव प्रसारण किसानों को दिखाया गया, जिसका उदघाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने अपने स्वागत भाषण में श्रीअन्न की उपयोगिता पर प्रकाश डाला एवं भारत में उगाये जाने वाले विभिन्न तरह के श्रीअन्नों की दुनियाभर में आ रही मांग के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में पूरी दुनिया के लिए खाद्य एवं पोषण से भरपूर श्रीअन्न की उपयोगिता को बताते हुए बताया की विश्व वर्ष 2023 को अंतरराष्टीय श्रीअन्न दिवस के रूप में मना रहा है, जोकि हमारे देश में अधिकतर छोटे एंव गरीब किसान इनकों मुख्य रूप से उगाते है साथ ही यह सभी तरह के मौसम में आसानी से पैदा किये जा सकते है, पोषण से भरपूर यह अन्न अब संपूर्ण विश्व में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रही है जिससे सबसे अधिक लाभ इन्ही किसानों को होने वाला है इसी दौरान प्रधानमंत्री ने भारतीय श्रीअन्न अनुसंधान उत्कृष्टता केन्द्र, हैदराबाद का उद्घाटन किया एवं डाक टिकिट व सिक्का जारी किया।

डॉ. तोमर ने अपने उद्बोधन में किसानो कों सबोंधित करते हुए खेती में मौसम के प्रभाव पर प्रकाश डाला एवं मौसम पूर्वानुमान की उपयोगिता बताई साथ ही केन्द्र में चल रही ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के बारे में बताते हुए प्रतिसप्ताह में दो बार हर मंगलवार एवं शुक्रवार को आगामी पांच दिनों के मौसम पूर्वानुमान की मौसम की जानकारी एवं फसलों की स्थिति व आगामी मौसम के अनुसार कृषिगत कार्य की सलाह की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं किसानों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. आर.के. त्रिपाठी मौसम वैज्ञानिक ने किसानों को मौसम पूर्वानुमान अनुसार अपना वार्षिक कलेण्डर बनानी की आवश्यकता बतायी जिससे कि किसान अधिक से अधिक मौसम की अनुकूलता का लाभ लेते हुए एवं विपरीत परिस्थितियों में समय रहते समुचित प्रबंधन कर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सके। झाबुआ जिले के जलवायु परिस्थितियों अनुसार अन्न फसलों में मौसम की प्रतिकूलता को सहनक्षमता को देखते हुए इसकी उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही आपने इसमें पाये जाने वाले पोषक तत्वों से जिले एवं प्रदेश की कुपोषण की समस्या से निजात पाना संभव होगा।

डॉ. कुमार द्वारा पशुओं पर मौसम के प्रभाव से होने वाली समस्याओं एवं उनके निदान पर किसानों से विस्तार से चर्चा की डॉ. मौर्य ने किसानों प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र के सी.एस. लोखण्डे, हिमांशु घोटकर, कु. नम्रता भूरिया एवं समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियो का विशेष सहयोग रहा।

## आंगनवाडी कार्यकर्ता/कार्यकर्ता/सहायिक के रिक्त पद हेतु आवेदन

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** झाबुआ जिले की विभिन्न परियोजना में कार्यकताओं एवं सहायिकों के रिक्त पदों की विज्ञप्ति जारी की गई है। परियोजना रामा अंतर्गत आंगनवाडी कार्यकर्ता के शासन के नियमानुसार मानदेय पर पदो की पूर्ति की जाना है ग्राम पंचायत धामंदा ग्राम धामंदा आंगनवाडी केन्द्र कुबेरपुरा फ धामंदा पद आगंनवाडी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत आम्बा ग्राम आम्बा आंगनवाडी केन्द्र तडवी फ सालरपाडा पद आगंनवाडी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत पिथनपुर ग्राम पिथनपुर आंगनवाडी केन्द्र पिथनपुर द्वितीय पद आगंनवाडी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत दुधी उमरकोट ग्राम दुधी उमरकोट आंगनवाडी केन्द्र चौकिदार फ दुधी पद आगंनवाडी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत देवली ग्राम कल्लुखोदरी आंगनवाडी केन्द्र तडवी फ कल्लुखोदरी पद उप आगंनवाडी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत दौलतपुरा ग्राम दौलतपुरा आंगनवाडी केन्द्र दौलतपुरा पद आगंनवाडी सहायिका, ग्राम पंचायत रामा ग्राम वागलावाट आंगनवाडी केन्द्र वागलावाट पद आगंनवाडी सहायिका, ग्राम पंचायत रसौडी ग्राम रसौडी आंगनवाडी केन्द्र रसौडी पद आगंनवाडी सहायिका की वर्ष 1 जनवरी 2023 की स्थिति में आवेदिका की न्यूनतम आयू 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होना चाहियें। ग्राम के राशन कार्ड/मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है, शैक्षणिक योग्यता आगनवाडी कार्यकर्ता के लिए न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण एवं कक्षा 10वीं/12 वीं बोर्ड उत्तीण आवेदिका को प्राथमिकता दी जावेगी। उच्च योग्यता स्नातक को अतिरिक्त अंको की पात्रता होगी आंगनवाडी सहायिका के लिए न्यूनतम 5वी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मानदेय कार्यकर्ता को 10,000 रू प्रतिमाह, उप आंगनवाडी कार्यकर्ता को 5750 रू व सहायिक को 5000 रू मानदेय प्रतिमाह देय होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 29 मार्च 2023 सांय 5:30 तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना रामा में जमा कराये जा सकते है। विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामा से प्राप्त की जा सकती है।

## माहेश्वरी समाज ने मनाया गणगौर पर्व



**अकोदिया/ किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली पर्व के बाद मनाये जाने वाले सोलह दिवसीय गणगौर पर्व इन दिनों उत्साह के साथ मनाया जा रहा है गणगौर पर्व के तहत रविवार को माहेश्वरी महिला मंडल अकोदिया द्वारा इस अवसर पर दुल्हा-दुल्हन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जज की भूमिका बीणा महेश्वरी शशि राठी द्वारा निभाई गई प्रतियोगिता मे प्रथम श्री मति प्रीति राठी दित्य श्रीमती विनीता राठी प्रियल महेश्वरी तृतीय श्रीमती संजना सोमानी रीना राठी विधि लाहोटी प्रोत्साहन पुरस्कार आयुषी महेश्वरी राधिका बाहेती चंचल सर्राफ हर्षा सर्राफ सभी विजेताओं को पुरुस्कार वितरण किये गए।

## सोयत कला में हिंदू नव वर्ष के स्वागत में आज एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम

### अंतरराष्ट्रीय कलाकार संजय महाजन एवं अन्य साथी कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुतियां



**सोयत कला / विष्णु जाटव /दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगर जिले के सोयत कला की कला , साहित्य व संस्कृति को समर्पित कालिदास साहित्य अकादमी द्वारा हिंदू नव वर्ष (वर्ष प्रतिपदा) गुड़ी पड़वा के आगमन की पूर्व संध्या पर 21 मार्च 2023 मंगलवार की रात्रि को 8:00 बजे शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल प्रांगण बस स्टैंड पर एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का भव्य विराट आयोजन रखा गया है ।

कार्यक्रम में लोक नृत्यकार संजय महाजन एवं उनके अन्य साथी कलाकार भारतीय कला व संस्कृति के अनगिनत रंगों में रंगी नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियां देंगे । धार्मिक प्रस्तुतियों में कृष्ण लीला के साथ नृत्य नाटिका नारी के राम का मंचन कलाकारों द्वारा किया जाएगा । कार्यक्रम में नृत्यकार संजय महाजन की मनमोहक एकल प्रस्तुतियों के साथ ही कई सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियां भी होगी । जोरदार आसमानी आतिशबाजी और भारत माता की आरती के साथ नव वर्ष का स्वागत किया जाएगा ।

कालिदास साहित्य अकादमी के संस्थापक चिंतामन राठौर, संरक्षक भारत सिंह चौहान , अध्यक्ष सीताराम राठौर सचिव राजेश अजनबी , महेश घाटिया , पुरुषोत्तम मेडतवाल , अमर सिंह विश्वकर्मा , शिव शंकर परिहार , मनोज गुप्ता इंजीनियर , गिरधर सोमानी , सांसद प्रतिनिधि गिर्राज गुप्ता , गोपाल सोनी , राजेश राठौर , पार्षद प्रकाश जाटव , राजेश शर्मा मंत्री , भगवान सिंह पप्पू बना , अनिल सेन , मनीष जैन मोबाइल , राजेश मेडतवाल , रुपेश राठौर , योगेश्वर सिंह चौहान , मनीष गुप्ता जनपद , पार्षद लाल चंद कुशवाह , दयाराम कुशवाह , बालचंद दांगी , रोडूलाल राठौर भगत जी , महेश त्रिवेदी धनोदा , कवि रमेश चातक , डॉ सुरेश सिंघम , मनोज जैन निडर , पत्रकार राजेश भावसार सोयत खुर्द आदि पदाधिकारी सदस्यों द्वारा पूरे क्षेत्र की जनता से परिवार सहित हिंदू नव वर्ष के स्वागत अवसर पर आयोजित इस भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## आज झाबुआ में जल जीवन मिशन हर घर जल प्रशिक्षण






**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 16/03/2023 से 18/03/2023 तीन दिवसीय प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत खजुरी के सरपंच रुसमाल मईडा जनपद सदस्य वार्ड नं 11 मुकेश भाबर सचिव नाहरसिंग मईडा बेड़ावा सरपंच वरसिह भुरिया नरसिहपाडा सरपंच गंगाराम मुनिया मकोडिया सरपंच भुरु सिंगाड सहायक सचिव वीरेंद्र देवदा सुनीता मईडा ग्राम सभा अध्यक्ष राहुल चारेल एवं थांदला जनपद के समस्त सरपंच एवं सचिवो ने सभी ने तीन दिन तक प्रशिक्षण में भाग लिया जल जीवन मिशन की इस योजना के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया और साथ में खरडू बड़ी पंचायत में जाकर वहा विजिट किया एवम केसे वहा पर जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। साथ ही अपने गांव में पानी की जांच केसे करनी है।पानी पीने लायक है की नही पानी नुकसान दायक है या नहीं इन सब के बारे में जानकारी प्राप्त करी। इसमें सरपंच साहब सभी को बताते हुए की गांव में केसे कार्य करना हे।जनपद सदस्य मुकेश भाबर द्वारा योजना को सफल बनाने केलिए सभी को बताते हुए ।इसमें जो समस्या आती है तो उसका समाधान केसे करे । इस प्रशिक्षण भोपाल खरगोन एवं झाबुआ के कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में जानकारी दी एवं सभी सरपंचों को नल कैसे चलाना है कैसे मेंटेनेंस करना है एवं पानी कितने घंटा देना है एवं पानी के लिए महीने के कितने पैसे भी लेना है समस्त प्रकार की जानकारी उपलब्ध करवाई।

## भाजयुमो ने किया नगर कार्यकारिणी का विस्तार

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला, सांसद अनिल फिरोजिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष उमेश जाट, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम शर्मा की सहमति से भाजयुमो नगर अध्यक्ष अंकित पाटोदी द्वारा नगर मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें उपाध्यक्ष कार्तिक विजयवर्गीय, रवि हिंडोलिया, बुलबुल झांझरी, रोहित खाबिया, शुभम पंड्या, अमर खुटवाल, अंकित राठौड़, महामंत्री गुलशन खटोड, रोहित चौहान, मंत्री मनोज केवट, मोहित शर्मा, विक्की चौहान, दीपक भाटी, प्रकाश मारु, बालमुकुंद भाटी, विवेक चौधरी, कार्यालय मंत्री राम राठौड़, सह कार्यालय मंत्री रितेश बारोड, कोषाध्यक्ष नमन छाजेड़, सहकोषाध्यक्ष अश्विन वेद, मीडिया प्रभारी प्रतीक मोरवाल, सह मीडिया प्रभारी लोकेंद्र भाटी, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष बादशाह, सहसौल मीडिया प्रभारी मन सोलंकी, प्रवक्ता लोकेश ठाकु, सहप्रवक्ता अंकित पांचाल, पालिसी एंड रिसर्च प्रभारी बृजेश गोसर, सहपोलीसी एंड रिसर्च प्रभारी हर्ष उपाध्याय सहित कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किये गये।

## सार समाचार

### जनपद पंचायत पेटलावद में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम निरस्त

**झाबुआ (पेटलावद) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पेटलावद में दिनांक 21 मार्च को आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय बैठक में उपस्तिथ जनप्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में लिए निर्णय अनुसार उक्त विवाह आयोजन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया। विवाह की आगामी तिथि प्रथक से अवगत कराई जाएंगी।

### जनपद पंचायत झाबुआ में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम निरस्त

**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**झाबुआ जनपद पंचायत झाबुआ जिला झाबुआ में 24 मार्च शुक्रवार को प्रस्तावित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है, जिसकी सूचना जनपद पंचायत कार्यालय झाबुआ के सूचना पटल पर देखी जा सकती है, इसमें जनपद पंचायत झाबुआ सीईओ अर्पित गुप्ता ने बताया कि 24 मार्च को होने वाले प्रस्तावित मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह कार्यक्रम को पोर्टल बंद होने व अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है साथ ही 16 मार्च को जारी की गई निविदा भी निरस्त कर दी गई आगामी दिनों में नई तारीख निविदा जारी कर सामूहिक विवाह संपन्न करवाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में तीर्थ दर्शन रामेश्वरम की सूची जारी




**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत झाबुआ जिले के यात्री जो तीर्थ दर्शन रामेश्वरम यात्रा दिनांक 25 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 तक जाने हेतु 250 यात्रियों की सूची जारी की है। इस सूची मे 5 अनुरक्षक जो यात्रियों के साथ जायेंगे उसमें मकन सिंह पालीवाल सहायक ग्रेड-3 कलेक्टर कार्यलय झाबुआ, 7974000153, दिलिप राठौर बी.सी. पी.एम.ए.वाय.जी जनपद पंचायत मेघनगर 7509393366, मंगल सिंह राठौर चेनमैन भू अभिलेख झाबुआ 6263309091, बी.एस.राजावत ऑफिस कानूनगों तहसील मेघनगर 9691638093, राजेन्द्र सिंह टाक सहायक ग्रेड-3 नगर परिषद मेघनगर 7987423148 है। वैष्णव ने बताया की इस सूची के अतिरिक्त 25 यात्रियों की प्रतिशा सूची भी जारी की गई है।

### आज शहीद दिवस पर होने वाले रक्तदान को लेकर 1 दिन पूर्व ब्लड डोनर से संपर्क करते हुए पटवारी दिनेश कलमोदिया



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहीद दिवस पर पूरे जिले में रक्तदान शिविर मैं कई ब्लड डोनर बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं इसी को लेकर 1 दिन पूर्व सलसलाई नगर में पटवारी दिनेश कलमोदिया ब्लड डोनेशन को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं और संपर्क करके उनको गुलाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड डोनेशन करने के लिए जागरूक कर रहे हैं ब्लड डोनेशन को लेकर शाजापुर जिले में तैयारी चल रही है जहां इस बार शाजापुर कलेक्टर दिनेश जेन के द्वारा 5000 यूनिट ब्लड का लक्ष्य रखा गया है सलसलाई नगर में पटवारी दिनेश कलमोदिया के द्वारा कई लोगों से संपर्क किया और रक्तदान के बारे में लोगों को बताया इस दौरान पटवारी दिनेश कलमोदिया ने बताया कि इस बार कई युवा साथी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और रक्तदान करने के लिए अपना नाम लिखवा रहे हैं विगत वर्ष भी रक्तदान में शाजापुर जिले का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है।

### सकलेचा ने सांसद फिरोजिया एवं रेलवे के उच्च अधिकारियो से कड़छा स्टेशन का नाम बदलकर गुरू टेकचंद रखने की मांग की




**नागदा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन इन्दौर रेलमार्ग के मध्य स्थित कड़छा स्टेशन का नाम गुरू टेकचंद रखने हेतु समाजसेवी एवं रेल्वे विशेष रूचि सदस्य राजेश सकलेचा भाईजी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सांसद श्री अनिल फिरोजिया जी एवं रेल्वे के उच्च अधिकारियो से मांग की है।सकलेचा ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि ग्राम कड़छा में 210 वर्ष पूर्व दर्जी समाज के आराध्य गुरू टेकचंद द्वारा जीवित अवस्था में समाधि प्राप्त की थी। इस कारण ग्राम कड़छा में गुरू पूर्णिमा के दिन एक विशाल मेले का आयोजन होता है जिसमें दर्जी समाजजनो के अलावा देश-विदेश से हजारो की संख्या में लोग समाधि स्थल पर आकर दर्शन लाभ प्राप्त करते है।सकेलचा ने आगे बताया कि ग्राम कड़छा में स्थित ट्रस्ट मण्डल के अध्यक्ष मोहनलाल चौहान, ओमप्रकाश मेहता एवं मनोज गेहलोत(पुरू) से जब चर्चा की तो उन्होने भी इस स्थान को अपने आराध्य देव के पवित्र स्थान के रूप बताया साथ ही उन्होने यह भी कहा कि कड़छा रेल्वे स्टेशन का नाम यदि गुरू टेकचन्द के नाम पर रखा जाता है तो देश-विदेश में दर्जी समाज के लिये गौरव का विषय होगा तथा गुरू टेकचन्द की ख्याति सभी ओर फैलेगी।

**मांगपत्र देने हेतु सांसद एवं डीआरएम से भेंट करेंगे-** सकलेचा ने कहा कि कड़छा रेल्वे स्टेशन का नाम गुरू टेकचन्द रखने हेतु दर्जी समाज के पदाधिकारियो को साथ लेकर शीघ्र ही क्षेत्रीय सांसद श्री अनिल फिरोजिया जी एवं रतलाम डीआरम श्री रजनीशकुमार जी के साथ भेंट कर उन्हें पत्र सौपकर मांग की जाएगी।

# शुजालपुर विधानसभा में मंडलम व सेक्टर अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

## कांग्रेस ने 2023 चुनाव के लिए कसी कमर





**शुजालपुर/किशोर नाथ /दैनिक मालवा हेराल्ड।** शुजालपुर सिटी स्थित एक निजी गार्डन में शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के मंडलम, सेक्टर प्रभारियों व समस्त संगठनों के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं में जोश फूंकने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सह-प्रभारी मकसूद अली ने कहा कि जब तक हमारा बूथ मजबूत नहीं होगा तब तक कांग्रेस के पक्ष में बंपर मतदान नहीं करा पाएंगे। इसलिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर मंडलम ड्ड सेक्टर अध्यक्ष व कार्यकर्ता सतत आमजनो से चर्चा करें ताकि चुनाव में कांग्रेस विजय हासिल कर सकें।

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामवीरसिंह सिकरवार ने कहा कि क्षेत्र में लगभग आधी आबादी युवाओं की हो चुकी है। वहीं बेरोजगारी चरम पर है। एक तरफ बीजेपी चिल्ला चिल्ला के कह रही है हम रोजगार देंगे परंतु धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा। उन्हौने कहा कि भाजपा पिछले 18 वर्षों से कृषि को लाभ का धंधा बनाने की बात करती रही है किंतु लाभ तो दूर अन्नदाता की लागत ही नहीं निकल रही है। सच्चाई यह है कि आज हर वर्ग परेशान है ग्राम पंचायत स्तर पर विकास का कोई कार्य नहीं हो रहा है।

उन्हौने कहा कि शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के 262 पोलिंग बूथ के लिए 18 मंडलम तथा 54 सेक्टर बनायें गयें है। सिकरवार ने कहा की पिछली कांग्रेस की सरकार ने एक रुपए एक यूनिट बिजली घरेलू और 10 हॉर्स पावर तक बिजली का बिल आधा करने का काम किया था। जिससे समाज का हर वर्ग खुश था,किंतु भाजपा की सरकार ने किसानों के साथ अमानवीय व्यवहार कर उनके सामानों की कुर्की करने को मजबूर कर दिया है जिससे गरीब परेशान हैं। उन्हौने कहा कि किसानों को क्या चाहिए समय पर खाद-बीज किंतु दुर्भाग्य है कि सरकार ने खाद को डेढ़ गुना महंगा कर 50 किलो की बोरी को 40 किलो की कर दिया है इसी प्रकार बीज का मूल्य भी बढ़ा दिया है। इन्हें गरीब, नौजवान और मजदूर की कोई चिंता नहीं है। आज सरकार सिर्फ भाषण पर चल रही है, जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है।

बैठक को राष्ट्रीय सचिव महेन्द्र जोशी जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह जादौन बंटी बना, जिला संगठन मंत्री भगवत सिंह परमार, कार्यकारी जिलाध्यक्ष द्वय अशोक परमार एवं केदार मेवाड़ा, मंगल सिंह, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, गौरव परमार, रामकिशन मंगरोला, कैलाश उपलावदिया, ने भी संबोधित किया। इस दौरान समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी एवं समस्त संगठन प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षगण सहित संगठन के पदाधिकारीगण व कार्यकारणी सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र सोनी बल्ला ने किया तथा आभार युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार ने माना।

## मां हिंगलाज प्रकटोत्सव पर धूमधाम से निकला चल समारोह



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भावसार समाज द्वारा कुलदेवी मां हिंगलाज प्रकटोत्सव का भव्य धार्मिक आयोजन धूमधाम के साथ मनाया गया । प्रातःकाल मंदिर में मां हिंगलाज का आकर्षक श्रृंगार किया गया जिसका लाभ धर्मालुजनों ने दर्शन लाभ लेकर लिया। इस अवसर पर एक भव्य चल समारोह रंगार सेरी स्थित श्रीराम मंदिर से निकला । चल समारोह में महिला व पुरुष मां हिंगलाज के जयकारों के साथ गरबा नृत्य करते हुए चल रहे थे वहीं सुसज्जित बग्गी में मां हिंगलाज की प्रतिमा विराजमान थी। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ पुनः रंगार सेरी स्थित भावसार धर्मशाला पहुंचा जहां पर आयोजित सम्मान समारोह में स्व. वासुदेव भावसार स्मृति शिक्षा सम्मान के दौरान 10 वीं 12 में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले समाज की प्रतिभाओं को शील्ड व पुरस्कार दिये गये साथ ही भावसार समाज के सेवा स्तम्भ के रुप में गोपाल भावसार एवं रमेशचन्द्र भावसार का शाल,श्रीफल व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। अभिनंदन-पत्र का वाचन कोषाध्यक्ष आशीष भावसार ने किया तत्पश्चात् मां हिंगलाज की ढोल ढमाकों के साथ महाआरती की गई। आयोजन के दौरान समाज के समस्त गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष हरीश भावसार ने किया। उक्त जानकारी सचिव पंकज भावसार ने दी।

## सामूहिक विवाह की तैयारी को लेकर यादवोत्सथान समिति की बैठक सम्पन्न



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यादवोत्थान समिति की बैठक अध्यक्ष रामेश्वर बाबा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें आगामी 3 मई 2023 बुधवार को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई साथ ही समाजजन ने सामुहिक विवाह के समस्त प्रतिबंध हटाने कर घर पर होने वाले व्यक्तिगत कार्यक्रम किये जाने संबंधित निर्णय लिया साथ ही समिति द्वारा समाजजन से अधिक से अधिक जोड़े का विवाह सामुहिक में करवाने का आह्वान किया।बैठक के दौरान बिलोदा धार से मोहन लाल सर ,यशवंत मुकाती, शंकर झड़ जलोदिया से रामचंद्र जोहरी साहब राधेश्याम झड़ रामप्रसाद चौधरी सलवा से बनवारी लाल झड़ ,सुरेश वर दिनेश ओढ़, खरसोद कलां से कान्हा जितेंद्र वर, बडनगर से गेंदालाल , आजन्दा से मथुरालाल , प्रकाश भांकर शान्तिलाल, पीपलू से पूनमचंद कोदीया, असवता से रामचंद्र झड़, रामेश्वर, बदरीलाल झड़, पवन वागल, अमला से धर्मेन्द्र गारिया आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ ने सामाजिक समरसता एंव सम्मान समारोह किया आयोजित

### समारोह में आकाशवाणी गायक सोलंकी हुए सम्मानित



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** आखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ द्वारा 19 मार्च रविवार को आगर में सामाजिक समरसता एंव सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आकाशवाणी भजन गायक बाबुलाल सोलंकी व उनकी पुरी टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसको लोगों ने आनंदित होकर ध्यान से सुना। कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार,आगर विधायक विपिन वानखेड़े,भाजपा के गिरधारी लाल मालवीय,मधु गहलोत,पुर्व विधायक राममलाल मालवीय एंव आम आदमी पार्टी के बाबुलाल मालवीय आदि के द्वारा आकाशवाणी गायक बाबुलाल सोलंकी छापरिया को प्रशस्ति पत्र देकर पुरी टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक समाजजन उपस्थित थे।

## मालगाड़ी की चपेट में आया व्यक्ति, हाथ कटा

**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार अलसुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति का हाथ कट गया। घटना के समय समाज के अन्य लोग व परिचित भी वही मौजूद थे।चिल्लाने व शोर की आवाज से मालगाड़ी के चालक ने मालगाड़ी रोक दी।बाद में घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय ले जाया गया।रेलवे पुलिस ने बताया कि महावीरगंज निवासी 52 वर्षीय नरेंद्र पुत्र भेरूलाल कराडा प्रात 5.30 पर रतलाम जाने के लिए पिपलीया रेलवे स्टेशन पर आये थे।बीच वाले ट्रेक पर मालगाड़ी खड़ी थी।रतलाम की ओर जानेवाली ट्रेन प्लेटफॉर्म न दो पर आनेवाली थी।नरेंद्र कराडा प्लेटफॉर्म न दो पर जाने के लिए मालगाड़ी को पार कर रहे थे।इस दौरान मालगाडी चल दी।जिससे नरेंद्र कराडा का कलाई तक हाथ कट गया।इस दौरान स्टेशन पर किसी यात्री को लेने आये पूर्व पार्षद व नगर सुरक्षा समिति सदस्य हरिप्रसाद गेहलोत पहुचे उन्होने तत्काल नरेंद्र को उठाया और उनके परिजनों को सूचना दी।

## मूलभूत साक्षरता व संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा में नवसाक्षरों ने उत्साह के साथ दी परीक्षा

### तिलक लगाकर किया नवासाक्षरों का स्वागत



**नागदा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनशिक्षा केंद्र नागदा मनासा व नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित सामाजिक जनचेतना केंद्रों में अध्ययनरत नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा रविवार को सम्पन्न हुई । कई परीक्षा केंद्रों पर नवसाक्षरों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया । नागदा, नयापुरा (माकनी),रंगाराखेडी, सनोली,मनासा,खजूरिया,बामंदाखुर्द, सनावदा,कडोदखुर्द , दौलतपुरा आदि परीक्षा केंद्रों पर नवसाक्षरों ने बडे उत्साह के साथ परीक्षा दी । नवभारत साक्षरता संकुल समन्वयक हेमंत वैष्णव ने बताया कि 200 में 90 नवसाक्षरों ने उत्साह के साथ सम्मिलित परीक्षा दी । इस दौरान मेरी टीम और बीआरसी देवनारायण गुजराती ,जनशिक्षक वासुदेव सोलंकी द्वारा परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया गया । श्री वैष्णव ने आगे बताया कि अक्षर साथियों व नोडल अधिकारियों ने घर -घर जाकर सर्वे किया गया ,नारा,स्लोगन लेखन कार्य करवाया गया,निशुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण करवाया गया । बीआरसी गुजराती ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर नवसाक्षरों की शत् पतिशत उपस्थिति के लिए अक्षर साथी,नवभारत साक्षरता की पूरी टीम बधाई की पात्र है । अक्षर साथी पप्पू बोडाना माकनी ने कहा कि नवसाक्षर परीक्षा शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी ।

## शायनिंग क्लब के कार्यक्रम सुण फागण की थाप में कवियों ने समाँ बांधा



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर की राष्ट्रीयव स्तर की खेलकूद व साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था शायनिंग क्लब द्वारा होली मिलन समारोह के सुण फागन की था। रंगारंग कार्यक्रम काव्य रस की फुहारों और शब्दों की गुलाल से संस्था अध्यकछ राकेश शर्मा की अध्यकछता में शांति वाटिका में सम्पन हुआ । अतिथि श्री केलाश ओरा , संजय व्यास , विरेंद्र सिंह चौहान , सुशील गोधा , कुंजबिहारी सोनी थे । स्वागत हेमंत माथुर , जे पी यादव , कलिम भाई कबाड़ी , अशोक त्रिवेदी , जगदीश चौहान , भरत भाटी , राधेश्याम गहलोत , दौलत राम राठोड , डी के विश्वास , अरिहंत शाह , संतोष भंडारे , राजेश परमार , मनौज चौहान , सुरेश तिवारी , लोकेंद्र यादव , बाबूलाल यादव , सुभाष गुत्ते , श्याम शर्मा , कमल पल्लीवाल व अन्य पदाधिकारियों ने किया । संस्था की मीटिंग में तय किया गया कि आगामी सितम्बर अक्तोंबर में अखिल भारतीय स्तर की स्वर्ण पदक महिला , पुरुषों की कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया ज़ावे । उल्लेखनीय है कि नगर में वर्षों पूर्व कबड्डी प्रतोयोगिताओं का आयोजन होता रहा है , उसे पुनर्जीवन प्रदान किया जावे । सुण फागन की थाप रंगारंग कार्यक्रम में कवि सुरेश माहेश्वरी शिवम् , मनीष पांचाल , नंदकिशोर समीर , डाक्टर नज़र हुसेन , सुभाष तिवारी , शेलेन्दर तिवारी , राजेंद्र पंवार , प्रमोद पंचोली ने हास्य रस की फुहारों से श्रोताओं को सम्मोहित कर दिया । दिनेश तिवारी उपवन के पत्र लेखक मंच के अध्य्क्ष , सुरेश माहेश्वरी के सचिव बनने पर संस्था सदस्यों ने भावभीना स्वागत किया । समापन में फूलों की होली जमकर खेली गयी । पार्षद श्याम विश्नवानी , भाजपा नेता संजय शर्मा , प्रवीण यादव की विशेष उपस्थिति रही । कार्य क्रम का रससिक्त व गरिमामय संचालन दिनेश तिवारी उपवन ने किया एवं आभार संस्था सचिव आनंद पंचोली ने माना। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रमोद-पंचोली ने प्रदान की।

## सलसलाई संकुल की संकुल स्तरीय आचार्य बैठक संकुल केन्द्र पर हुई संपन्न



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सलसलाई में आयोजित की गई जिसके वंदना सत्र में ग्राम भारती शिक्षा समिति शाजापुर के जिला प्रमुख श्री महेश जी विश्वकर्मा , संकुल प्रवासी श्री अर्जुन जी मंडलोई, सलसलाई संकुल के संकुल प्रमुख श्री दिलीप सिंह पंवार की गरिमा मय उपस्थिति में बैठक का शुभारंभ हुआ जिसमें जिला प्रमुख जी के द्वारा आगामी सत्र में छात्र संख्या वृद्धि के लिए आचार्य परिवार को लक्ष्य दिया गया, बैठक के समापन पर ग्राम भारती शिक्षा समिति शाजापुर के अध्यक्ष महोदय श्री सूरज सिंह जी राजपूत , श्री रमेशचन्द्र जी राजपूत प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक विद्यालय भैसरोद , श्री शिवनारायण जी मेवाड़ा , श्री दिनेश जी वर्मा , श्री चमन जी मेवाड़ा की उपस्थिति में जिला समिति के अध्यक्ष श्री सूरज सिंह जी राजपूत के द्वारा आचार्य परिवार का मार्गदर्शन किया गया , इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय भैसरोद के प्रधानाध्यापक श्री रमेशचन्द्र जी राजपूत ने सलसलाई विद्यालय को एक पंखा दान देने की घोषणा की , कार्यक्रम का संचालन श्री राजेन्द्र सिंह जी सोनगरा , आभार श्री सुनील जी भावसार ने माना ।

## शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में नेतृत्व विकास पर हुई कार्यशाला

**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में नेतृत्व विकास पर कार्यशाला हुई द्य सोशल मीडिया नोडल अधिकारी डॉ जितेन्द्र चावरे ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सर्वेश व्यास ने पौराणिक चरित्रों के माध्यम से नेतृत्व क्षमता को विकास विकसित करने के तरीके बताएं द्य डॉ. व्यास ने बताया कि अध्ययन और अनुसरण यह दो गुण नेता में होना ही चाहिए द्य नेतृत्व करने हेतु विश्वास और आत्मविश्वास का सामंजस्य चाहिए। माता सीता की खोज हेतु जो वानर दल गया था, उसके सेनापति बाली पुत्र अंगद थे, लेकिन अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता के कारण श्री हनुमान जी ही वास्तविक रूप में नेतृत्व करते रहे द्य अपनी यात्रा के दौरान हनुमान जी ने जहां सुरसा को प्रणाम करके आगे बढ़े, वही सिंहिंका का वध किया और लंकिनी को घायल करके छोड़ दिया द्य अतः एक अच्छा नेता परिस्थितिजन्य निर्णय लेता है द्य उसमें निर्णय क्षमता कूट-कूट कर भरी होती है द्य दूसरा महत्वपूर्ण गुण वक्तृत्व कला, हनुमान जी द्वारा जब सीताजी को, राम जी का संदेश सुनाया गया तो उसकी सारी चिन्ता मिट गई, वो हर्षित हो गई और इसके उल्टे जब राम जी को, सीता जी का संदेश सुनाया गया तो रामजी की आंखों से आंसू बह निकले द्य अतः अच्छी वक्तृत्व कला नेतृत्व क्षमता के विकास में अत्यंत भूमिका अदा करती है द्य इस कार्यशाला में संस्था के प्राचार्य डॉक्टर जी. एल. रावल द्वारा अध्यक्षीय भाषण में बताया गया कि नेता जन्मजात पैदा नहीं होते, प्रयत्नों द्वारा अपने अंदर नेतृत्व क्षमता विकसित कर सकता है द्य अतः उन्होंने नेतृत्व गुणों से विद्यार्थियों को परिचित करवाया द्य कार्यशाला का संचालन डॉ. जे. पी. कुल्मी द्वारा किया गया एवं आभार सुखदेव बैरागी द्वारा माना गया।

## कायरा सरपंच ने नवीन विद्यालय भवन स्वीकृत कराने हेतु विधायक राणा को सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुसनेर में रविवार को पुराना बस स्टैंड स्थित राणा हॉउस पर ग्राम पंचायत कायरा के सरपंच बलराम चौहान ने कायरा में नवीन शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय भवन स्वीकृत कराने हेतु क्षेत्रीय विधायक राणा विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपा।

आपको बता दे की सरपंच द्वारा विधायक राणा को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कायरा में धर्मशाला के अंदर शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय भवन है। जिसमें आये दिन धर्मशाला में कार्यक्रम होते रहते है। जिसके कारण विद्यालय भवन बंद रहता है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस समस्या को देखते हुए सरपंच ने विधायक राणा से नवीन स्कूल भवन स्वीकृत कराने के लिए ज्ञापन सौंपा है।


## कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

-: (online) निविदा आमंत्रण सूचना :-

विज्ञप्ति क्रं/ 208 Workshop/E-tender/2023 उज्जैन दिनांक :- 16/3/23

निम्नांकित कार्य के लिए (Online) - निविदा क्रमांक 2023_UAD_255818_2 आमंत्रित की जाती हैं, तथा टेन्डर फार्म राशि 10000/- रहेगा।

निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 29.03.2023 समय 17:30 ऑनलाईन एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 29.03.2023 समय 17:30 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदी उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकशित नहीं की जावेगी।

| क्रं. | टेंडर फार्म का मूल्य | कार्य का नाम | अनुमानित लगत | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र.भोपाल | अर्नेस्टमनी रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 10,000/- | Tender for Empanelment of Agencies for supply. installation, Maintenance & Repair of pole mounted Twin Bin system of 100 ltr. Capacity each on MS stands for solid waste management in the Ujjain Municipal area in Ujjain city | 20,00,000/- | 10-05-2012 UADD ISSR SOR or Non - Sor | 60000/- | 1Year |

सहायक यंत्री.
नगर पालिक निगम उज्जैन उज्जैन
दिनांक :- 16/3/23


## कांग्रेस के पुर्व जिलाध्यक्ष यादव ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

### पूर्व जिलाध्यक्ष यादव ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर दी बधाई



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुसनेर में सोमवार को कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल यादव के द्वारा नगर के सुमन मैरिज गार्डन में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष यादव ने सभी को अबीर गुलाल लगाते हुए बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर फूलों की बौछार कर होली मनाई।

आपको बता दे कि इस होली मिलन समारोह में फाग गीत का आयोजन भी हुआ जिसमे आगर विधायक विपिन वानखेड़े युवाओं के साथ गीत की धुन पर डांस करते नजर आए। पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल यादव ने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है। समारोह में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। साथ ही समारोह के अंत तक लोग स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लेते रहे। इस अवसर पर आगर विधायक विपिन वानखेड़े, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार, प्रदेश सचिव गुड्डू लाला, पूर्व विधायक वल्लभ भाई अंबावतिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह चौहान, आगर नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश जैन पटेल सहित ओर भी अनेक कांग्रेसीजन मौजूद थे।

## पंचायत सचिव एवं उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेन की बैठक आयोजित

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेरल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े की अध्यक्षता में सोमवार को सिवाय होटल सुसनेर के सभाकक्ष में सुसनेर एवं नलखेड़ा जनपद के पंचायत सचिवों एवं शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों के सेल्समैन की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं के समग्र से आधार जोड़ने का कार्य निःशुल्क अभियान संचालित कर मिशनमोड़ पर पूर्ण करें, किसी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता इस कार्य में नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि समग्र आईडी आधार से लिंक करने का कार्य 25 मार्च से पहले पूर्ण करें। साथ ही महिलाओं को बैंक खातें से आधार ई-केवायसी करवाने एवं जिनके बैंक खाते नहीं है उनके स्वतंत्र बैंक खातें खुलवाने हेतु भी जागरूक करें। कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य दुकान से राशन लेने आने के दौरान महिलाओं से जानकारी लेकर बायोमेट्रिक आधार पर समग्र से आधार जोड़ने का कार्य करें। गांवों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ योजना के प्रति महिलाओं में जागरूकता लाएं। 25 मार्च से योजना के आवेदन भरें जाने हेतु आयोजित होने वाले शिविरों के लिए टेंट आदि सभी व्यवस्था पंचायत सचिव सुनिश्चित करें।

# फलों के नाम पर बेची जा रही बीमारी

**– खाद्य अधिकारी निभा रही जांच की परंपरा, नहीं होती फल विक्रेताओं की जांच**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** फलों का सेवन इसलिए किया जाता है कि वे हमारी सेहत बनाने में सहायक होते हैं। किसी बीमार या कमजोर व्यक्ति को चिकित्सक भी फलों के सेवन की सलाह देते हैं। लेकिन अब फलों से सेहत बनने के बजाए बिगड़ रही है। जिन्हें खाद या पानी से नहीं केमिकल से पकाया जा रहा है। लेकिन लोगों की सेहत का ख्याल रखने वाले अधिकारी हैं कि जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं।

इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस ऋतु में जो फल आना चाहिए वे अन्य ऋतुओं में भी आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। कुछ फल ऐसे होते हैं जो विशेषकर उसी ऋतु में सेवन किए जा सकते हैं और यदि दूसरे मौसम में इनका सेवन किया जाए तो ये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। बावजूद इनका आसानी से बाजार में विक्रय हो रहा है, जिसे अधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं।

### केमिकल से पक रहे फल दे रहे बीमारियों को न्यौता

किसी भी फल को अंकुरित होकर बाजार में आने में एक तय समय लगता है। लेकिन वर्तमान में हालात ये हैं कि फलों को समस सीमा पूरी होने के पहले ही उन्हें जमीन या पेड़ों से तोड़कर बाजार में लाया जाता है और लोगों को आकर्षित करने के लिए इन फलों को इंजेक्शन से केमिकल मिला दिया जाता है। जिससे इन फलों की की साईज बढ़ जाती है और इन्हें बेचने के लिए बाजार में लाया जाता है और लोग इन्हें खरीद भी रहे हैं, लेकिन वे यह नहीं जानते कि वे फलों के नाम पर दुकानदार से बीमारी खरीद रहे हैं।

### खाद्य अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

शहर में यूं तो लोगों की सेहत का ध्यान रखने के लिए शासन का खाद्य विभाग भी है, लेकिन वह भी केवल खानापूर्ति कर अपना दायित्व निर्वहन कर रहा है। जिनकी अनदेखी की वजह से इस तरह का कारोबार फल-फूल रहा है। यही वजह है कि फलों के सेवन से भी लोगों की सेहत बनने के बजाए बिगड़ रही है। ऐसा नहीं कि अधिकारी नहीं जानते लेकिन वे इस ओर ध्यान देने के बजाए खानापूर्ति में ज्यादा व्यस्त नजर आ रहे हैं।

### इनका कहना है...

केमिकल से बने फलों का यदि बाजार में विक्रय हो रहा है तो यह गलत है। फिलहाल मिलावट को लेकर हमारी टीम द्वारा जांच की जा रही है। इसे लेकर भी संबंधितों को निर्देशित कर कार्यवाही की जाएगी।

**– डॉ. राजू निदारिया, सीएमएचओ-शाजापुर**

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की हड़ताल जारी

**– विभिन्न मांगों को लेकर कर रही प्रदर्शन**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अपनी मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की हड़ताल जारी है। सोमवार को भी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता ओर सहायिका को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए, मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों को मुख्य केंद्र बनाया जाए, सेवानिवृत्ति पर सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को उनकी सेवा के अनुसार ग्रेजु टी का भुगतान किया जाए, पर्यवेक्षक पद पर योग्यता के आधार पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की नियुक्ति की जाए और जब तक शासन हमको राज्य कर्मचारी का दर्जा नहीं देती है तब तक सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मिनी कार्यकर्ता को 25 हजार और सहायिका को 15 हजार मानदेय दिया जाए, राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा जो दो-दो एप चलाए जा रहे है उन दोनों एप को जोड़कर एक ही एप चलाया जाए और उसे हिंदी में बनाया जाए।

# वन विभाग ने कबर बिज्जू से निजात दिलाने लगाया पिंजरा

**– कई दिनों से रहवासी हो रहे थे परेशान, वन विभाग ने संभाला मोर्चा**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गायत्री नगर में सोमवार को वन विभाग ने पिंजरा लगाया और कबर बिज्जू से निजात दिलाने के लिए वहां मोर्चा संभाला। पिंजरें में कबर बिज्जू आते ही उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाएगा ताकि न वह किसी को नुकसान पहुंचा सके और न ही रहवासी उसे कोई नुकसान पहुंचा सके।

दरअसल गायत्री नगर में कई दिनों से लोग अपने घरों की बालकनियों और छतों पर कबर बिज्जू को देखकर भयभीत हो रहे थे। कुछ दिनों तक तो उन्होंने इसे अनदेखा किया, लेकिन जब उसकी आवाजाही ज्यादा बढ़ गई तो लोगों ने अपने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इसकी सूचना वन विभाग को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग के अमले ने कालोनी का दौरा किया। इस दौरान अमले को वहां कबर बिज्जू का मल भी मिला था। जिससे यह तय हो गया था कि यहां कबर बिज्जू की आवाजाही बनी हुई है। इसके बाद सोमवार को वन विभाग के डीएफओ मयंक चांदीवाल के निर्देश पर डिप्टी रेंजर अशोकसिंह बघेल, नवनीत चौहान, वन रक्षक सीताराम तिवारी, त्रिवेणी जोशी, रेस्क्यू एक्सपर्ट हरीश पटेल, सहायक अर्जुन मालवीय ने शाम को कालोनी में एक उचित स्थान पर पिंजरा लगाया। श्री पटेल ने बताया कि दोपहर में बंदरों की आवाजाही रहती है। जिससे वे पिंजरे के स्थान या उसकी लोकेशन को बिगाड़ सकते हैं। इसलिए उसे शाम को चार्ज किया जाएगा ताकि कबर बिज्जू के लिए जो हमारी योजना है वह कारगर हो और कबर बिज्जू उसमें आ जाए। इसके बाद उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

### लोगों ने ली राहत की सांस

वन विभाग के अमले द्वारा जब वहां जांच की गई और पिंजरा लगाया गया तो लोगों ने राहत की सांस ली। क्योंकि कई लोगों ने कबर बिज्जु को अपने घर की बालकनियों में घूमते देखा था और उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा का भय था। लेकिन जब वन विभाग के अमले ने उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया तो लोगों ने राहत की सांस ली और वन विभाग को धन्यवाद दिया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान आरक्षक को उज्जैन में मिला सम्मान



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना अवंतिपुर बड़ोदिया में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रदीप सिकरवार को क्राईम कंट्रोल एंड रिसर्च आर्गनाईजेशन द्वारा सम्मानित किया गया। श्री सिकरवार को यह सम्मान उज्जैन में आयोजित समारोह में दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी अभिषेक आनंद, विशेष अतिथि क्राईम कंट्रोल गर्वमेंट ऑफ इंडिया प्रेसिडेंट प्रदीप डोबरियाल, वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत डोबरियाल एवं स्टेड प्रेसिडेंट आफिसल अविनाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सोनी प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बन



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का प्रांतीय अधिवेशन एक निजी गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजमल सोनी ने प्रदेश सचिव देवीलाल सोनी, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, पूर्व प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन देवेंद्र वर्मा की सहमति से शाजापुर निवासी गौरव पिता निर्मल कुमार सोनी को संगठन का प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। श्री सोनी की नियुक्ति पर परिवारजन, समाजजन व इष्टमित्रों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# थमा बारिश का दौर, गर्मी का मौसम देगा दस्तक

**– सोमवार को भी हुई बारिश, मौसम में घुली ठंडक**

**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिछले दो सप्ताह से आसमान पर छा रहे बादल रह-रहकर बरस रहे थे, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। खासकर किसानों को उनकी फसलों की चिंता सता रही थी। हालांकि बारिश ज्यादा न होने से फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। वहीं राहत भरी खबर यह भी है कि अब बारिश का दौर थम चुका है और आगामी एक सप्ताह में गर्मी का मौसम दस्तक देगा।

हालांकि सोमवार को भी आसमान पर बादल छाए और कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई थी, जिसने लोगों की चिंता को बढ़ा दिया था। लेकिन 5 मीनिट के बाद बारिश थम गई और मौसम सामान्य हो गया। इसके बाद बादलों की आवाजाही जरूर रही, लेकिन बिन बरसे बादल लौट गए। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अब बारिश का दौर थम चुका है और आगामी समय में भी कोई संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि आगामी एक सप्ताह में गर्मी का मौसम दस्तक देगा। श्री धनोतिया के मुताबिक सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 32.6 और न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री दर्ज किया गया।

# दो फरार आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ने जिले के कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 157/22 धारा 392 भादवि में पंजीबद्ध फरार दो आरोपियों राजू उर्फ राजेश पिता बाबुलाल पटेल निवासी हारुखेड़ी तथा रवि पिता निर्भय सिंह गुर्जर निवासी सालानखेड़ी थाना माकड़ौन जिला उज्जैन की गिरफ्तारी के लिए या उसे पकड़वाने में मदद करने या पकड़ने पर 5-5 हजार रूपये का नगद ईनाम देने की घोषणा की है। सूचना देने वाले का नाम चाहने पर सर्वथा गोपनीय रखा जायेगा।

# कलेक्टर श्री गुप्ता ने दो आरोपियों को छः-छ : माह के लिए किया जिलाबदर

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आरोपी ऋषिराजसिंह उर्फ ऋषि पिता हरेन्द्रसिंह सेंधव उम्र 44 वर्ष निवासी टप्पा सुकल्या और एहमद पिता रहमान उम्र 33 साल निवासी ग्राम टाकलीखेड़ा थाना कन्नौद को छः-छः माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने आदेश दिया है कि आरोपी आदेश प्राप्ति से 24 घण्टे के भीतर जिला देवास एवं उसके आस पास के सीमावर्ती जिलों इन्दौर, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खण्डवा, खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर चला जाए तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेगा।

# मप्र कांग्रेस राज्यस्तरीय सिंधी कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बने मनवानी

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधी कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष पद पर मंदसौर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाश मनवानी को नियुक्त किया गया है। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सहमति एवं महामंत्री प्रभारी जेपी धनोपिया के अनुमोदन एवं दिनेश मेघानी संयोजक मप्र कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधी कल्याण समिति ने मंदसौर जिलाध्यक्ष पद पर कैलाश मनवानी को नियुक्त किया है। श्री मनवानी की नियुक्ति पर कांग्रेसजनों, समाजजनों एवं इष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बारीश और बूंदाबांदी के बाद मौसम में फिर घुली ठण्डक, किसानों की बढ़ी परेशानी



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मौसम का मिजाज इन दिनों बदला हुआ है। बीते तीन से चार दिनों से बे-मौसम बारिश हो रही है, जिसने मौसम में ठंडक घोल दी। बारिश के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम के बदले मिजाज का असर लगातार सोमवार को भी देखने को मिला। मौसम फिर से बदला और शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा, बिजली की गरज-चमक के साथ बारिश हुई। करीब आधे घंटे तक रूक-रुक कर, तो कभी रिमझिम, तो कभी तेज बारिश हुई। कई निचले क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। रविवार शाम से ही फिर से मौसम बदला और आसमान काले बादल छाने के बाद तेज हवा आंधी चलने लगी और बारिश का दौर शुरु हो गया। सोमवार को दिनभर काले बादल छाये रहे।

दरअसल इन दिनों उत्तर भारत में एक वेर्स्टन डिस्टरबेंस एक्टिव है जिसके प्रभाव से 14 मार्च से दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान में एक मजबूत चक्रवात बना, जिससे मौसम में परिवर्तन हुआ। इसी कड़ी में फिर 16 मार्च से फिर एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो गया। इससे बंगाल की खाड़ी से दक्षिण-पूर्वी हवाएं और अरब सागर से नमी लेकर आ रही है। इन दोनों के मिश्रण से इसका कुछ असर देवास सहित आसपास के क्षेत्रों में भी शुरू हो गया है।

### बैमोसम बारिश से किसानों के हाल बेहाल

अलग-अलग इलाकों में हो रही बैमोसम बारिश की वजह से किसानों को खासी परेशानी हो रही है। किसानों की फसलें पक कर खेत में खड़ी है तो कुछ किसानों की फसलें कट कर घर में खुले में रखी है। किसानों के घरों और खेतों में गेहूं, चना, लहसुन, आलू या तो फसल के रूप में रखा है या स्टोर किया हुआ है।किसानो का कहना है कि बारिश के कारण फसलों का रंग उड़ गया है, इसलिए मण्डी व्यापारी हमारी फसलों को औने-पौने दाम पर खरीदते है। इस वजह से कहीं-कहीं पूरी तो कहीं आंशिक रूप से फसल खराब हुई है।

### मौसम में घुली ठंडक

बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई। चार दिनों से मौसम परिवर्तन के बाद अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में भी लगातार गिरावट हो रही थी। पिछले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 6 डिग्री व न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी एसडीएम और सीएमएचओ का एक-एक माह का वेतन रोकने के दिये निर्देश

**देवास/राजेन्द्र सिंह पंवार /दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास समयसीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री महेंद्र सिंह कवचे, सहायक कलेक्टर श्री टी प्रतीक राव सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण?ड स?तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर श्रम अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी का एक माह का वेतन काटने और एक वेतन वृद्धि रोकने, ईई पीडब्ल्यूडी श्री मनीष मरकाम का एक माह का वेतन काटने, सिविल सर्जन एस के खरे का एक माह का वेतन काटने, सीएमओ काटांफोड़ श्री नंदलाल पाटीदार का एक माह का वेतन काटने, सतवास के सब इंजीनियर श्री महेश सोनी का एक माह का वेतन काटने, महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी (बागली घाट ऊपर) श्रीमती अनिता तिवारी का एक माह का वेतन काटने एवं परियोजना अधिकारी (बागली घाट नीचे) सुश्री अदिति सिंह का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर जिला संयोजक श्री विवेक नागवंशी एवं उप संचालक उद्यानिकी पंकज शर्मा का तीन-तीन दिन का वेतन काटने, प्रभारी तहसीलदार देवास श्रीमती पूनम तोमर का चार दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर एसडीएम देवास श्री प्रदीप सोनी, एसडीएम बागली श्री शोभाराम सोलंकी, एसडीएम कन्नौद श्री अभिषेक सिंह, एसडीएम खातेगांव श्री प्रवीण प्रजापति, एसडीएम सोनकच्छ श्री संदीप शिवा का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर सीएमएचओ डॉ एमपी शर्मा का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों का निराकरण कर रैंक सुधारने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को अगले लेवल में न जाने दें, पहली प्राथमिकता रखते हुए शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। कोई भी शिकायत अनअटेंडेंट नहीं रहे। 100 दिवस से अधिक लम्बित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से संतुष्टि पूर्वक करें। उन?होंने कहा



कि सभी विभाग सीएम हेल?पलाइन पर लम्बित शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का एल-1 पर ही निराकरण करें। सभी शिकायतें शत-प्रतिशत निराकृत करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि टीएल प्रकरणों एवं समाधान ऑनलाइन शिकायतों पर कार्यवाही कर समय-सीमा में निराकण करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिये कि विभागों द्वारा संचालित छात्रावास एवं स्कूलों की खसरों में एन्ट्री करायें। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के छात्रावासों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। जिले के सभी छात्रावासों में सामग्री स्व-सहायता समूह के माध्यम से ही खरीदें। जिन ग्रामों में नल-जल योजना से पानी मिल रहा है, वहां पर शतप्रतिशत वाटर टैक्स कलेक्शन का कार्य स्व-सहायता समूह की महिलाओं से करायें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि मत्स्य पालन के लिए यूजर ग्रुप बनाये, मत्स्य पालन के लिए प्रशिक्षण दें। जिले में जिन तालाबों में दिसम?बर तक पानी रहता है, उनमें मत्स्य पालन कार्य किया जाना है। देवास जिले से बाहर रहने वाले नागरिक जिनकी भूमि देवास में है, उन्हें बांस की खेती के लिए प्रोत्साहित करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सांची पाईंट और आंगनवाडी केन्द्र के लिए आवांटित जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करें। ''मेरा स्कूल स्मार्ट स्कूल'' अभियान में प्राप्त किताबे और खिलौने सूची बनाकर स्कूलों में लाईब्रेरी के लिए वितरित करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि ''मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना'' पात्र महिला हितग्राहियों के खाते खोलने एवं आधार से खातों को जोड़ने के लिए विकासखण्ड स्तर पर कैंप लगाये जो रहे है। कैंप में पात्र महिलाओं का शत प्रतिशत खाते खोलने एवं आधार से खातों को जोड़ने की कार्यवाही करें। योजना में मध्यप्रदेश की 23 से 60 वर्ष के मध्य की पूर्ण करने वाली विवाहित महिला को लाभ मिलेगा। प्रत्येक पात्र महिला को 01 हजार रूपये प्रतिमाह के मान से राशि सीधे उसके आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खाते में जमा की जायेगी। बैठक के बाद जिला कोषालय अधिकारी सुश्री नेहा कलचुरी ने मध्य प्रदेश भण्डार क्रय नियम में हुए संशोधन के संबंध में प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

# देवास जिले के युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर, 21 मार्च को आईटीआई देवास में आयोजित होगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**रोजगार मेला में 800 से अधिक पदो पर की जायेगी भर्ती, 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक के युवा ले सकते है भाग**

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला रोजगार कार्यालय देवास द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 21 मार्च को सुबह 11 से दोपहर 03 बजे तक आईटीआई परिसर विकास नगर चौराहा देवास मे मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले मे 15 कम्पनियों द्वारा भाग लिया जायगा। रोजगार मेले में 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक के युवा भाग ले सकते है। रोजगार मेले के लिए विस्तृत 07272-252296 पर प्राप्त कर सकते है। जिला रोजगार अधिकारी देवास ने बताया कि रोजगार मेले में 800 से अधिक पदो पर भर्ती की जायेगी। मेले में व्ही.ई.कमर्शियल देवास द्वारा सभी ट्रेड में आईटीआई एवं अन्य से अप्रेन्टीस के पदो, सनफार्मा लेब्रोरेटरी देवास, इप्का लेब्रोरेटरी देवास, प्रोजेक्शन कम्प्यूटर देवास, बीएबल एकेडमी इन्दौर व्ही.पी.सालवेक्स देवास, भारतीय जीवन बीमा निगम देवास, मॉ चामुण्डा इण्टर प्रायजेस देवास, गाजावत कान्ट्रकक्टर देवास, यशस्वी देवास सहित अन्य कम्पनियों द्वारा भर्ती की जायेगी।

# पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने शिवराज पर साधा निशाना
## बोले-जहां इनके पैर पड़े वहां किसान बर्बाद हुआ






**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सोमवार को मंदसौर में लोकतंत्र सम्मान दिवस और नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विपिन जैन के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मंच से ही उन्होंने सीएम शिवराज पर निशाना साधा। बोले- शिवराज स्वयं को किसान का बेटा कहते हैं, पर इनके पैर जहां-जहां पड़े, वहां-वहां किसान बर्बाद हुआ है। जब से मुख्यमंत्री ने सत्ता संभाली तब से ही किसानों पर विपदा आ रही है। कमलनाथ के मुख्यमंत्री रहते 2019 में जिले में बाढ़ आई थी, तब किसानों को तत्काल मुआवजा दिया गया था। वर्मा ने सीएम के टाइगर अभी जिंदा है, वाले बयान पर भी तंज कसा। बोले- ईश्वर ने इंसान बनाया है और ये जानवर बनने पर तुले हुए हैं। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में ओलावृष्टि हुई है। ये भोपाल में सामने आएंगे और कहेंगे किसान भाइयों हमने किसानों के लिए खजाना खोल दिया है, लेकिन किसानों के हाथ कुछ नहीं आएगा।

### मंच पर बैठने के लिए नेताओं की भीड़, नीचे उतरे वर्मा

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विपिन जैन के पदभार ग्रहण समारोह गांधी चौराहा पर रखा गया था। मंच पर नेताओं के बैठने की होड़ में मंच छोटा पड़ गया। इसके बाद सज्जन सिंह वर्मा मंच से नीचे उतर गए। नेताओं ने उन्हें दोबारा मंच पर बिठाया। पूर्व जिलाध्यक्ष नवकृष्ण पाटिल सहित अन्य नेताओं के बीच गुटबाजी नजर आई। मंच से नवकृष्ण पाटिल भी अपना पद जाने से खिन्न नजर आए। उन्होंने उन्होंने सज्जन सिंह वर्मा से कहा कि चुनाव में मनासा का टिकट मंदसौर मत कर देना नहीं तो पिछली बार की तरह फिर हार जाएंगे। जिले की चार विस से टिकट की दावेदारी कर रहे नेताओं ने भी शक्ति प्रदर्शन करते हुए भीड़ जुटाई। कांग्रेस के युवा नेता परशुराम सिसौदिया ने बीपीएल चौराहे पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा का स्वागत किया। बाद में समर्थकों के साथ वे पूर्व मंत्री वर्मा सहित सभास्थल पर पहुंचे।

### मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को अवसर मिलना सिर्फ कांग्रेस पार्टी में ही संभव-जैन

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विपिन जैन ने कहा कि मैं कांग्रेस का सिर्फ एक छोटा सा कार्यकर्ता था। मुझे कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर कार्य करने का अवसर मिला। अब जिलाध्यक्ष पद की बडी जिम्मेदारी भी दी गयी है। मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता जो सभा मे नीचे आपके बीच बैठता था उसे अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को अवसर देना सिर्फ कांग्रेस मे ही संभव है। उन्होनें शासकिय अधिकारियो को चेतावनी देते हुये कहा कि आप अपना काम ईमानदारी से करें, अगर भाजपा के ऐजेन्ट के रूप में कार्य करेगे तो आने वाले समय में हम सबक सिखाने से भी नही चुकेंगे।

## 'विश्व हिंदू शक्ति परिषद के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व राजपूत को मिला'

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 27 मई 2022 को इस्लाम त्याग कर सनातन धर्म अपनाकर देशभर में तहलका मचाने वाले चौतन्य सिंह राजपूत घर वापसी करने के बाद घर नहीं बैठे बल्कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार का काम शुरू कर दिया। वहीं सनातन धर्म में आस्था रखने वाले मुस्लिमों की घर वापसी का अभियान शुरू कर दिया। विगत 8 माह में अब तक 7 मुस्लिम लड़कियों की घर वापसी करवा कर उनका विवाह हिन्दू लड़को से करवा दिया। साथ ही 3 पुरुषों की भी घर वापसी करवाई। कम समय मे इतने लोगों की घर वापसी करवा कर चौतन्य सिंह राजपूत मीडिया की सुर्खियां बने और देश मे चल रहे हिंदूवादी संगठनों के चहेते बन गए। राजपूत के समर्पण और कार्यशैली देखते हुए उन्हें विश्व हिंदू शक्ति परिषद का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया साथ ही मध्यप्रदेश के अध्यक्ष का दायित्व भी उन्हें सौंप दिया गया है। इस नियुक्ति पर चौतन्य सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद सिंह जी एवं राष्ट्रीय संयोजक डॉ राज दुलारी जी का आभार प्रकट किया है। आगामी दिनों में प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत हुई परीक्षा
### 13266 नवसाक्षर प्रौढ़ ने उत्साह से दी परीक्षा



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में रविवार को नवभारत साक्षरता की परीक्षा हुई। जिसमें जिले के 13266 नवसाक्षरों (प्रौढ़) में गजब की उत्सुकता व उत्साह देखा गया। ये एल्डर्स पहली बार किसी परीक्षा में शामिल हुए। गांव के ही साक्षर साथियों ने इनकी पढ़ाई में मदद की तथा खूब पढ़ाई के बाद परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्रौढ़ जिला शिक्षा अधिकारी एवं डी.पी.सी. लोकेन्द्र डाबी ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के हर नागरिक को साक्षर बनाने की दिशा में भारत सरकार के निर्देश पर जिले में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन हुआ। इस परीक्षा के लिये मंदसौर जिले में कुल 14256 अशिक्षित की परीक्षा लेने का लक्ष्य मिला था। जिसमें से 13266 ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस तरह जिले में नवसाक्षरों की प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 93 प्रतिशत उपस्थिति रही। सहायक जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी रामलाल लोदवार ने बताया कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये जिले के 899 सामाजिक चेतना केन्द्र पर प्रातः 10 से सायं 5 तक परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के लिये कुल मूल्यांकन 150 अंकों का था, जिसमें पढ़ना लिखाना एवं गणित में 50-50 अंक निर्धारित किए गए। उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद ग्रेड का आंकलन कर सफल होने पर प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। श्री लोदवार ने बताया कि जिले में प्रौढ़ अशिक्षित को साक्षर बनाने के लिये बनाये गये 899 सामाजिक चेतना केन्द्रों पर प्रेरक ने अपनी निःशुल्क सेवाएं देकर उन्हें शिक्षित करने में मदद की। परीक्षा में ऐसे नवसाक्षर शामिल हुए जो नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत सर्वे के माध्यम से चिन्हांकित किये गये थे तथा अक्षर साथियों ने इनका नामांकन कर इनको प्राथमिक शिक्षा प्रदान की थी। इनमें ऐसे नवसाक्षर भी शामिल रहे जो पूर्व में आंतरिक मूल्यांकन में सफल रहे है, लेकिन प्रमाणीकरण नहीं हो सका था।

## जर्जर मार्ग पर बस पलटी, कई यात्री घायल
### भैंसोदामंडी-कालाकोट मार्ग की हालत खराब



**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार 20 मार्च को सुबह लगभग 9:15 बजे नीमच भैसोदामण्डी चलने वाली सरकार उपकार यात्री बस आर जे 09 पी बी 0234 लेदी चौराहा से लेदी गावं के बीच में जर्जर सड़क के कारण पलटी खा गई। बस कि रफ्तार जर्जर सड़क के कारण धीमी थी व यात्री भी कम ही थे। बस में सवार यात्रियों को मामुली खरोंच आई। सुचना मिलते ही भैसोदा चौकी थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्री घटना स्थल पर पहुंचे पर उस समय चालक, परिचालक नहीं मिले इससे यह पता नहीं चल पाया कितने यात्री सवार थे। और दुर्घटना किस कारण हुई पर वहां मौजुद ग्रामिणो ने कहा कि बस धीमी रफ्तार से ही जा रही थी पर जर्जर क्षतिग्रस्त सड़क व बड़े गड्ढों कि भरमार के कारण बस पलट गई। उल्लेखनीय हे कि उक्त सड़क कि हालत बेहद जर्जर हे अभी हाल ही में इस सड़क के गड्ढों को भराने का कार्य ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह हाड़ा व कार्यकर्ताओं ने शुरु किया था ओर बोरदा से भैसोदा तक यह गड्ढे भराये भी थे। पर आगे पुलिस व प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी। जिससे जहां बस पलटी वहां के गड्ढे नहीं भर पाए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते लंबे समय से क्षतिग्रस्त उक्त सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। इसके चलते इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों मे आए दिन टूट-फूट एवं वाहन चालकों को जर्जर मार्ग पर वाहान चलाने में भारी परेशानी हो रही है। एवं आए दिन दुर्घटनाओं की संभावना निर्मित होती रहती हैं। वेसे इस सड़क का लम्बे इन्तजार के बाद टैण्डर हुए है। जिसका काम जल्दी ही शुरु होने कि सम्भावना है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह हाडा ने बताया कि इस जर्जर सड़क के गड्ढों को भरने का काम स्वंय के खर्चे से शुरु किया था। पर कानुनी कार्यवाही कि धमकी देकर काम रुकवा दिया। अगर यह गड्ढे भर जाते तो आज बस नहीं पलटती। उधर पुलिस ने मौका पंचनामा बनाकर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## उद्यानिकी महाविद्यालय में अधिष्ठाता के पद पर डॉ. आरएस चुंडावत ने पदभार संभाला

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के पद पर डॉ. आरएस चुंडावत ने पदभार ग्रहण किया। प्रधान वैज्ञानिक शस्य विज्ञान डॉ आर एस चुंडावत परियोजना समन्वयक औषधि एवं सगंध पौध परियोजना, मंदसौर पर कार्यरत है। डॉ चुंडावत विगत 18 वर्षो से मंदसौर में औषधि एवं



सगंध पौध परियोजना में कार्यरत हैं, एवं शस्य विज्ञान के विभाग प्रमुख भी हैं। आपके द्वारा औषधि एवं सगंध परियोजना का कुशल संचालन किया जा रहा है। परियोजना के माध्यम से औषधि फसल उत्पादन तकनीकी के साथ, उन्नत असारिया की किस्में, सफेद मूसली, अश्वगंधा, तुलसी की किस्में भी विकसित हुई है। वर्ष 2016 में औषधि एवं सगंध परियोजना को पूरे देश में अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम स्थान मिला उस टीम के आप सक्रिय सदस्य रहें हैं। आपके अनुसंधान व अन्य कार्य के आधार पर बेंगलौर की एक संस्था ने वर्ष 2019 में ''लाईफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'' जो कि हमारे देश के प्रख्यात वैज्ञानिक व माननीय राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद के नाम पर है, इनको प्रदान किया गया पूर्व में भी आप छिंदवाड़ा, रीवा व झाबुआ जैसे विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्र पर कार्य कर चूकें है। डॉ. चुंडात की नियुक्ति पर सभी महाविद्यालय परिवार, कृषक एवं छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी श्री अंकित पाण्डेय ने प्रदान की है।

## राशन की दुकान प्रतिदिन खुलेगी तथा ईकेवाईसी करेगी-कलेक्टर

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला आपूर्ति विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान प्रतिदिन खुलेगी तथा रोज ईकेवाईसी का कार्य करेगी। अगर कोई दुकान बंद पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी शासकीय सेवक हैं। सभी स्वयं का तथा अपने स्टॉफ का ईकेवाईसी करें। ईकेवाईसी करने के पश्चात रिपोर्ट शाम तक प्रस्तुत करेंगे। सभी नगर परिषदों में भी ई केवाईसी



कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। जिससे कार्य जल्द पूर्ण हो। एमपीईबी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि वसूली के दौरान एवं रीडिंग लेने के दौरान जब कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर जाए उस समय वंचित लोगों का ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करें। मंडी सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में जितने भी किसान आते हैं, उन सभी किसानों का व्यापारियों के माध्यम से ई केवाईसी करवाएं।

## चौपाटी पर सुबह 4 बजे युवक को पकड़ा, परिजन थाने पहुंचे तो एएसआई ने की मारपीट, सीएम हेल्प लाइन पर की शिकायत

**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिपलिया थाने पर पदस्थ एएसआई एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में पकड़े गए आरोपी के परिजनों के साथ मारपीट व महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की करने, चोंट पहुंचाने का आरोप लगा। परिजनों ने इसकी सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने बताया बाबूखेड़ा निवासी विकास पिता ओमप्रकाश पाटीदार रविवार को सुबह 4 बजे पिपलिया चोपाटी पर मेहमानों को लेने के लिए आया था। इसी दौरान वहां मौजूद एएसआई अर्जुनसिंह परिहार ने विकास को पकड़ लिया और पुलिस थाने ले गए। विकास के बड़े भाई नागेश पिता ओमप्रकाश, मां गंगाबाई, बड़ी मम्मी लीलाबाई आदि ने बताया कि विकास को दिनभर मोबाइल पर काल करते रहे, लेकिन कॉल रिसिव नही किया। इसके बाद हम गुमशुदगी की रिपोर्ट कराने पिपलिया थाने पर पहुंचे तो हमें विकास की बाइक दिखाई दी। हमने जब पूछा कि विकास यहां पर है, तो एएसआई अर्जुनसिंह परिहार बोले कि वह यहीं पर है, उसे महाराष्ट्र की पुलिस लेने आने वाली है, हमने कहा कि वह छह माह से जेल में बन्द रहकर आ चुका है, उसका अब महाराष्ट्र में कोई मामला नही है।

# इस साल इन राशि वालों को रहना होगा सतर्क, जानिएं हिंदू नव वर्ष का राशिफल

मेष राशि वालों के लिए यह वर्ष जमा खर्च का सही संतुलन बनाएगा भूमि वाहन आदि का लेनदेन अथवा क्रय विक्रय कर सकेंगे. छात्रों के लिए प्रतियोगिता परिणाम उत्तम रहेंगे. मेहनत के चलते सितारा बुलंद होगा. नए संबंधों का फायदा मिलेगा. ग्रह चाल भाग्य के विकास में सहायक हो रही है. परिवार में मंगल कार्य होंगे. लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद समाप्ति की ओर हो जाएंगे. देश विदेश से शुभ समाचार मिलेंगे. इस वर्ष स्थान परिवर्तन ठीक नहीं रहेगा. भागदौड़ से बचें. स्वास्थ्य प्रभावित होगा. हनुमान चालीसा अवश्य पढ़ें अथवा सप्ताह में सुंदरकांड का पाठ करें.

श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केंद्र के आचार्य पंडित सतीश नागर के अनुसार नवसंवत्सर 2080 का नाम पिंगल है.* इस वर्ष के राजा का पद युवराज ग्रह बुध को और मंत्री का पद राक्षसों के गुरु ग्रह शुक्र को मिला है. आकाशीय के चुनाव में शनि को धन का दायित्व दिया गया है और गुरु को मेघों के स्वामी व रस का स्वामी बनाया गया है.आइए आचार्य पंडित सतीश नागर जी से जानते हैं हिंदू नव वर्ष का राशिफल.

### मेष राशि

मेष राशि वालों के लिए यह वर्ष जमा खर्च का सही संतुलन बनाएगा. भूमि वाहन आदि का लेनदेन अथवा क्रय विक्रय कर सकेंगे. छात्रों के लिए प्रतियोगिता परिणाम उत्तम रहेंगे. मेहनत के चलते सितारा बुलंद होगा. नए संबंधों का फायदा मिलेगा. ग्रह चाल भाग्य के विकास में सहायक हो रही है. परिवार में मंगल कार्य होंगे. लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद समाप्ति की ओर हो जाएंगे. देश विदेश से शुभ समाचार मिलेंगे. इस वर्ष स्थान परिवर्तन ठीक नहीं रहेगा. भागदौड़ से बचें. स्वास्थ्य प्रभावित होगा. हनुमान चालीसा अवश्य पढ़ें अथवा सप्ताह में सुंदरकांड का पाठ करें.

### वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए इच्छित वस्तुएं प्राप्त होंगी. कोई रचनात्मक कार्य बनेगा मंगल उत्सव में भाग लेंगे. घर गृहस्थी के कार्यों में मन लगेगा. पारिवारिक विवाद से दूर रहें. इस वर्ष राजनीतिक लाभ का विशेष योग बनेगा. कोई कानूनी विवाद नया मोड़ ले सकता है. दूर की यात्रा का विचार बनेगा. व्यर्थ के झगड़े व विवाद से बचें. राज समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी. साझेदारी के काम में बिजनेस न करें. नौकरी में स्थान परिवर्तन का योग बन रहा है. लक्ष्मी जी का पूजन किया करें अथवा शुक्रवार को लक्ष्मी जी का व्रत रखें.

### मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों के लिए नवसंवत 2080 में सामाजिक व राजनीतिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. प्रतियोगिता आदि में स्थान प्राप्त होंगे. धार्मिक यात्रा कर सकेंगे. रुका हुआ धन आएगा. बढ़ते हुए सम्मान से आनंद की अनुभूति होगी. गोचर ग्रहों की अनुकूलता से मन प्रसन्न रहेगा. किंतु भागदौड़ से स्वास्थ्य में कोई न कोई परेशानी बनी रहेगी. अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए परिवार का पालन करेंगे. पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियां बढ़ने के योग हैं. धन का पर्याप्त लाभ होगा. मित्रों से धन और प्रतिष्ठा का लाभ होगा. इस वर्ष लंबी यात्रा अथवा विदेश यात्रा कर सकते हैं. दुर्गा मां की पूजा करने से निरंतर लाभ बना रहेगा.

### कर्क राशि

कर्क राशि वालों को इस वर्ष उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. नौकरी पेशा वालों के लिए पदोन्नति और प्रतिष्ठा प्राप्त होगी. वाणी पर नियंत्रण रखें और जोश में होश ना खोएं. व्यापार में आवश्यक लाभ होगा. घर में भौतिक संसाधनों के सामान खरीद सकते हैं. रुका हुआ धन मिलेगा. चल-अचल संपत्ति अथवा भूमि भवन का लाभ मिलेगा. राजनीतिक जोड़-तोड़ में किए जा रहे प्रयास सफल होंगे. पड़ोसियों के संबंधों में सुधार होगा. ईश्वर भक्ति अथवा भजन से अपनी मानसिक शांति बनाए रखेंगे, तो ठीक रहेगा. भाग्योन्नति के साथ-साथ धन और यश का प्रतिष्ठा बढ़ेगी. विरोधियों के कुचक्र से सावधान रहें. आस्तीन के सांप आपको नुकसान पहुंचाएंगे. मामूली विवाद को अनावश्यक तूल न दें, विवाद बढ़ सकता है. इसलिए अपने काम से काम रखें. श्रीगणेश जी की पूजा करें.

### सिंह राशि

सिंह राशि वालों के लिए संवत 2080 विशेष सफलताएं लेकर आ रहा है. वर्ष में कई बार अचानक लाभ मिलेगा. उत्तरदायित्व अथवा कोई पद प्राप्त होगा. लंबे समय से चल रहा विवाद समाप्त हो जाएगा. पारिवारिक कार्यों में मन लगेगा. अधूरा पड़ा हुआ काम पूरा होने की संभावना है. परिवार में मंगल उत्सव होगा. व्यवसाय में नित्य धन का लाभ होता रहेगा. लंबी यात्रा ना करें तो अच्छा रहेगा. स्वास्थ्य पर मौसम का असर पड़ेगा. इसलिए खानपान पर विशेष ध्यान रखें. राजकीय प्रतिष्ठा बढ़ेगी लेकिन जोश में होश ना खोएं. कानूनी उलझन में पड़ सकते हैं, ध्यान रखें. गायत्री मंत्र अथवा ओम नमः शिवाय का जाप करें.

### कन्या राशि

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष मांगलिक उत्सव का है. पुराने मित्रों से मुलाकात होगी. ग्रह गोचर के अनुसार विरोधी षड्यंत्र करते रहेंगे लेकिन आपका कुछ बिगाड़ नहीं सकते. आप अपने बल, बुद्धि के द्वारा विजय प्राप्त करेंगे. व्यवसायिक क्षेत्र में धन लाभ होगा. मेहनत के चलते हुए सफलता मिलेगी. चोर अथवा अग्नि का भय रहेगा अथवा उससे कुछ नुकसान हो सकता है, ध्यान रखें. प्रतियोगिता संबंधी परिणाम अच्छे रहेंगे. यात्राएं छोटी और लाभप्रद होंगी. पुराने रोग, ऋष्टा आदि से भी मुक्ति मिल सकती है. समय को पहचान कर कार्य करें अन्यथा कई अवसर हाथ से छूट सकते हैं. वर्ष के अंत में मन में उलझन रहेगी. इसलिए मंदिर में अवश्य जाएं. दुर्गा मां की पूजा करें. एक विशेष ध्यान रखें कि अपनी योजनाओं को किसी के सामने प्रकट न करें नहीं तो हानि होने की संभावना है. गणेश जी की आराधना करें.

### तुला राशि

तुला राशि वालों के लिए अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं. घर में उपयोगी वस्तुएं खरीदी जाएंगी. तरक्की के अवसर आएंगे. आर्थिक रूप से समय अच्छा रहेगा. घर परिवार में सदस्य वृद्धि होगी. इस वर्ष स्थानांतरण हो सकता है जो आपके लिए शुभ रहेगा. परिवार में खुशियां मिलेंगी. व्यक्तिगत समस्याएं सुलझ जाएंगी. दांपत्य सुख में वृद्धि होगी. आलस्य और प्रमाद को त्याग दें नहीं तो हानि हो सकती है. महत्वकांक्षाओं पर नियंत्रण रखें. राजनीतिक लोगों से मुलाकात होगी. राजनीतिक वर्चस्व बढ़ेगा. अनजान व्यक्ति से मित्रता और साथ में काम न करें. श्रम व संघर्ष से लाभ मिलेगा. शत्रु हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे, किंतु आप सावधान रहें. अपने इष्ट माता लक्ष्मी जी का पाठ करें. सफेद वस्तुएं दान करें.

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि वालों के लिए समय अच्छा रहेगा. वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है. परिस्थितियां अनुकूल चल रही हैं, इसलिए उनका उचित लाभ उठाने का प्रयास करें. नौकरी पेशे अथवा व्यवसाय में धन वृद्धि, पदवृद्धि होती रहेगी. स्वास्थ्य के लिए यह वर्ष अनुकूल है. परिवार के लोगों के साथ व्यर्थ विवाद से बचें अन्यथा झगड़ा भी हो सकता है. सूझबूझ से काम लेंगे तो अच्छा रहेगा. पुराना विवाद समाप्त होकर नया प्रगति का पथ प्रशस्त होगा. वर्ष के उत्तरार्ध में कठिन परिस्थितियों का समय है. विरोधी आप पर हावी हो सकते हैं, इसलिए ध्यान रखें. अत्यधिक परिश्रम अथवा संघर्ष से भागदौड़ बनी रहेगी. स्वास्थ्य हानि हो सकती है. खानपान पर विशेष ध्यान रखें क्योंकि आपके वायु और उदर विकार की संभावना है. बच्चों के साथ समय अच्छा बीतेगा. सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी गाय को चारा खिलाएं. हनुमान जी की पूजा करें.

### धनु राशि

संवत 2080 में धनु राशि की ग्रह चाल अच्छी रहेगी. भाग्य में विकास व उन्नति के अवसर बनेंगे. देश विदेश से सुखद और अच्छे समाचार मिलेंगे. मित्र के सहयोग से कारोबार में नया रास्ता खुलेगा. जमीन-जायदाद, वाहन आदि लेनदेन में फायदा रहेगा. सरकारी अधिकारी से अधिक निकटता हानिकारक होगी. पारिवारिक अंतर्विरोध से बचे रहें. घर में मेहमानों के आने जाने से आय-व्यय का संतुलन डगमगा जाएगा. घर में नया मेहमान आ सकता है. नए राजनीतिक लाभ मिलेंगे. विरोधी आपके साथ षड्यंत्र कर सकते हैं. सावधान रहें. स्थानांतरण आदि का लाभ मिलेगा, जो आपके लिए शुभ रहेगा. आपके विकास से आपके विरोधी अथवा पड़ोसी ईर्ष्या करेंगे. इसलिए विष्णु भगवान की पूजा करें. धैर्य न खोएं.

### मकर राशि

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष बहुत ही लाभदायक है. भाग्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा है. विचाराधीन योजनाओं की पूर्ति होगी. भूमि ,भवन, वाहन आदि का सुख मिलेगा. सहयोगियों के साथ मौज मस्ती अथवा लंबी यात्रा का अवसर मिलेगा. समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी. पारिवारिक सुख व्याप्त रहेगा. इसी नवीन प्रोजेक्ट अथवा कार्य पर विचार करेंगे. देश देशांतर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. किंतु सामाजिक व पारिवारिक दायित्व बढेगा. दौड़ धूप के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें. घर के उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी. यश और उपलब्धि का संयोग बनेगा. शनिदेव को प्रसन्न करें. गरीब, मजदूर आदि को भोजन, वस्त्र आदि दान करते रहे.

### कुंभ राशि

कुंभ राशि वालों के लिए इस वर्ष श्री वृद्धि व समृद्धि का योग बनेगा. यात्रा का भी संयोग बनेगा. कार्य में शिथिलता और अंतर्विरोध से बचें. मेहनत के चलते सितारा बुलंद होगा. भूमि भवन आदि का लाभ होगा. भौतिक सुख उपयोग के साधन सुलभ होंगे. साहित्य, संगीत, भ्रमण में रूचि बढ़ेगी. पुराने रोग अथवा विवाद से मुक्ति मिलेगी. वर्ष के उत्तरार्ध में भाग्य अनुकूल है. पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी. वाणी पर नियंत्रण रखें. कारोबार में तरक्की होगी. मर्यादा रहित व्यवहार से बचे रहें. किसी के सहयोग से कार्य में प्रगति प्राप्त होगी. परिवार में नये मेहमानों के आने की खुशी से मन प्रसन्न रहेगा. गरीबों को भोजन कराते रहें और अपने देव पितरों की पूजा करें.

### मीन राशि

मीन राशि वालों के लिए यह वर्ष घर-गृहस्थी में खुशी से बीतेगा. इच्छित वस्तुओं का लाभ होगा. कारोबार की नई रूपरेखा बनेगी. अचानक धन आगमन का संयोग बनेगा. घर में मंगल उत्सव के योग बनेंगे. कभी-कभी मन में निराशा हो सकती है, धैर्य रखें. पारिवारिक संसाधनों का लाभ होगा. विरोधियों से सावधान रहें. आपकी उन्नति को देख कर ईर्ष्या करेंगे. घर के खर्चों में वृद्धि होगी. सामाजिक तथा राजनीतिक संपर्कों से लाभ होगा. अपने कार्य क्षेत्र में पद वृद्धि अथवा प्रतिष्ठा प्राप्त होगी. सामाजिक और धार्मिक कार्य में मन लगेगा. बच्चों के साथ समय बीतेगा और अन्य नई योजनाएं बनेंगी. विष्णु भगवान की पूजा व जाप करें.।

# सोनी सब के 'वागले की दुनिया' में मना होली का जश्न?, क्या राजेश और वंदना की यहं कोशिश मनोज को उसकी प्रेमिका से मिला पायेगी ?





**जीएनएस।** 'वागले की दुनिया- नयी पीढ़ी नये किस्से ' सोनी सब का एक लाइफ ऑफ फैमिली ड्रामा है, जिसमें एक मध्य म वर्गीय परिवार की विचारोत्तेहजक कहानी दिखाई गई है। 'वागले की दुनिया' आम आदमी के रोजाना के संघर्षो को दिखाता है और अपने जैसे लगने वाले दिलचस्पय किरदारों के माध्याम से दर्शकों के दिलों तक पहुंचता है। मनोज (विपुल देशपांडे) के वागले परिवार में वापस आने के बाद से ही परिवार में काफी उथल-पुथल मची हुई है।

इस शो के आगामी एपिसोड्स में हम देखेंगे कि राजेश (सुमीत राघवन) और वंदना वागले (परिवा प्रणति) परिवार के बीच के मतभेदों को दूर करने और सभी को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। मनोज को वागले परिवार के साथ जोड़ने की कोशिश में, वंदना एक होली सेलीब्रेशन आयोजित करती है और उसमें एक खास मेहमान विद्या (सुकन्या सुर्वे) को आमंत्रित करती है, जोकि मनोज का पुराना प्यासर है। बीस सालों के बाद विद्या को दोबारा देखकर क्यास मनोज में कोई बदलाव आयेगा? या वंदना की यह कोशिश भी नाकाम हो जायेगी?

## क्यार वंदना वागले परिवार को एकजुट करने में एक महत्वंपूर्ण कड़ी बन पायेगी?

परिवा प्रणति, जोकि वंदना वागले का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ÷मनोज और घर के बाकी लोगों के बीच के मतभेद को वंदना एक अलग नजरिये से देखती है। उसके लिये परिवार के लोगों का आपसी मसले को सुलझाना और एकसाथ रहना सबसे ज्यारदा मायने रखता है। विद्या को होली पार्टी में बुलाकर वंदना परिवार के बीच के तनाव को कम करना चाहती है और मनोज को यह दिखाना चाहती है कि घर वाले उसे वागले परिवार का हिस्साप बनाना चाहते हैं। हालांकि, उसकी यह कोशिश रंग लाती है कि नहीं, दर्शकों के लिये यह देखना दिलचस्पब होने वाला है।

**देखिये 'वागले की दुनिया -नयी पीढ़ी नये किस्सेव' हर सोमवार से शनिवार, रात 9.00 बजे सिर्फ सोनी सब पर**

## (बोध कथा) भाषा से संस्कृति का पता चलता है

*एक बार एक राजा अपने साथियों के साथ शिकार खेलने जंगल में गया। वहां हिरण का पीछा करते करते वह जंगल में बहुत दूर निकल गया। उसके साथी भी उससे छूट गये। उसकी सेना ने राजा की खोज शुरू कर दी। एक सिपाही राजा को ढूंढते हुए झोपड़ी के पास आया। साधु को एक पेड़ के नीचे बैठा देखकर उसने कहा, क्या रे, क्या तुमने हमारे राजा को यहाँ से जाते हुए देखा?*

*साधु ने विनम्रतापूर्वक कहा, हे मेरे भाई, मैं अंधा हूँ, मैं कैसे देख सकता हूँ?*

*मैं जानता हूँ कि तुम अंधे हो, सिपाही ने कहा, लेकिन क्या तुमने घोड़ों की टापों की आवाज़ सुना नहीं? वह गुस्से में चला गया।*

*सेनापति आया। कहा, हे साधू, क्या आप ने राजा को इस ओर से गुजरते हुए देखा?*

*साधु ने कहा, नहीं, लेकिन एक सिपाही आया और उत्तर की ओर चला गया।*

*बाद में प्रधान आया और उसने भी पूछा, साधूश्रेष्ठ, जब हम शिकार पर गए, तो राजा और हम दोनों खो गए। क्या आप इस बारे में कुछ भी जानते हैं?*

*साधु ने 'नहीं' कहा और वह चला गया।*

*कुछ देर बाद राजा स्वयं वहां आया। साधु को देखते ही उसने विनम्रता से कहा, हे भगवन, मुझे बहुत प्यास लगी है, क्या मुझे थोड़ा पानी मिल सकता है?*

*साधु ने कहा, आपका स्वागत है, राजा। पहले कुछ कंद खा लें। फिर पानी पियो।*

*राजा हैरान रह गया। अंधा होकर भी साधु ने मुझे कैसे पहचाना?*

*साधु ने कहा, पहले एक सिपाही तुम्हें देखने आया, फिर सेनापति और प्रधान और अब तुम?*

*लेकिन आप ने मुझे कैसे पहचाना? राजा ने पूछा।*

*साधु ने कहा, किसी व्यक्ति को उसके शब्दों से आंका जा सकता है। अंधा कहा वह सिपाही था। साधु कहा वह सेनापति था, साधुश्रेष्ठ कहा वह प्रधान और भगवन कहा वह राजा।*

*अर्थ - आदरपूर्ण वाणी से शील का पता चलता है और भाषा से संस्कृति का पता चलता है।*

***-मच्छिंद्र ऐनापुरे, सांगली (महाराष्ट्र)***

## कलम उठाईयें आज विश्व कविता दिवस है...

*कविता जिंदगी की घड़कन*
*कविता से गहन अन्धकार*
*होता कोसों दूर निरन्तर ..*
*डुब रहा हो मन जब निराशा*
*की गहन गहराइयों के अंतल*
*भटक रहा हो मन मरूस्थल*
*बीहड़ वन के घने जंगल ..*
*आशाओं की किरनें होती*
*ओझल तन मन हृदय द्वार से*
*तब कविता आपके लिए*
*प्रीतम प्रियतमा बन जाती है*
*कविता का लिखा हर शब्द*
*आपके लिए सुकून होता है*
*कविता खुद से लिखी ताकत*
*अंधियार से लडने का हथियार?*
*जिंदगी जीने का सलीका होती है।*
*सबके पास भाव है विचार है शब्द है*
*पर लिखने का प्रयास नहीं है?*
*इसीलिए कविता हर किसी की*
*सगी सहेली है ,न दोस्त हैं।*
*जो बंधे हैं कविता के मोहपाश में*
*उनसे पूछे जाकर कभी*
*कविता उन्हें क्या देती है?*
*वे यही कहेंगे कविता उन्हें*
*क्या नहीं देती -*
*कविता रूमाल बनकर पोंछती है*
*हर दुख दर्द के बहते आंसू*
*कविता वैतरणी बनकर पार कराती है*
*समय में दुख की बहती नदी को...*
*कविता के मायने धन सम्पदा*
*से भी बहुत गहरे हैं*
*कविता से हर पल*
*खुशियों के सुनहरे है....*
*कोशिश तो कीजिए*
*कुछ न कुछ लिखने की*
*आज विश्व कविता दिवस है*
*कलम उठाईयें शब्दों से दोस्ती कीजिए*
*कविता को प्यार से गले तो लगाइये....*

***-लाल बहादुर श्रीवास्तव***

## गुजरा जमाना

*आज भी वो जमाना याद आता है मुझे*
*मम्मी-पापा आप बहुत याद आती हो मुझे।*
*हमारी फिक्र करना हर जिद पूरी करना पर*
*हर बात पर डांट लगाना और प्यार जताना।*
*बहुत याद आती हैं मम्मी आपकी जब रोज मैं*
*अपने बाल बनाती हूँ कैसे आप मुझे सजाती थीं।*
*जब आप अपने बाल बनाती तब चारों ओर*
*आपके आँचल को पकड़े घुमा करती थी मैं।*
*आज वो आँचल मैं तलाश किया करती हूँ मम्मी*
*वो सिर्फ याद ही है जब आती है तड़पा जाती है।*
*आपके इर्द-गिर्द ही रहना इस डर से कहीं छोडकर*
*मुझे तन्हाई में चली ना जाएं आँचल थामे रखती थीं।*
*आज बेबस सी मेरी आँखे आपको तलाश करती है*
*पर सिर्फ वो गुजरा जमाने की यादें ही बची रह गई।*
*मुझे आज भी याद है मम्मी हमारी छोटी जब घर आयी*
*तभी भी मैं आपके हि साथ सोती थी उससे थोड़ा डरती थी।*
*कहीं आप मुझे छोडकर ना जाओ इस बात से मैं डरती थी*
*पर आपने मुझे ही सबसे ज्यादा दुलार दिया है मम्मी जी।*
*छह बेटियाँ होने के बाद भी कभी भी देखा नहीं आपको*
*भेद करते हुवे हम सभी को बेटे की तरह परवरिश देने वाले।*
*कभी भी चेहरे पर एक शिकन ना दिखने वाले मम्मी - पापा*
*आप बहुत याद आते हैं और मैं बस तलाशती ही रह जाती।*
*आप दोनों का मैं वंदन करती हूँ बहुत सौभाग्य से पाया था*
*आज सिर्फ गुजरे जमाने की यादें रह गई मेरे पास आपकी।*
*मुझे बहुत गर्व है खुद पर कि मैं आप ही की अंश हूँ*
*काश मुझ पर गर्व करने के लिए आप सलामत होते।*
*वो भी क्या7 थे जब हम साथ घूमने जाया करते थे*
*वो गुज़रे ज़माने की कसक आज भी रह जाती है।*
*आपकी आँखे याद आती है ना मम्मी कैसे आप देखती*
*और हम समझ जाया करते थे बोलना है कि चुप रहना है।*
*और पापा आप तो वर्ल्ड के बेस्ट पापा थे हर समय साथ रहे*
*मैं हूँ ना तब भी कहा करते थे अब साथ ना होकर भी साथ रहे।*
*गुजरा जमाना याद है मुझे मम्मी - पापा आपकी याद है मुझे*
*आज भी आप साथ ना होकर आस-पास ही हो याद है मुझे।*
*साथ ना होकर साथ ही रहना ये आप दोनों बखूबी जानते हैं*
*आया है मुझे फिर याद गुजरा जमाना बचपन का मम्मी - पापा।*

***-श्रीमती दुर्गेश नन्दिनी नामदेव***

## महंगाई के दोहे

*कितना है विकराल ये ,महंगाई का जाल ,*
*इनसे बचते हैं सदा ,रिश्वतखोर दलाल।*

*तड़का मारो प्याज से ,खाओ तूअर दाल ,*
*महंगाई से मत डरो ,कहें कमाई लाल।*

*अनहोनी जो हो रही ,उस पर करो विचार ,*
*महंगाई घटती नहीं ,घटे न भ्रष्टाचार।*

*कच्ची कलियाँ फूल हों ,या हो सुर्ख गुलाब ,*
*हमको अब आते भगत ,महंगाई के ख्वाब।*

*महंगाई पे कर रहा ,दीनू नित्य प्रहार ,*
*सूखी रोटी खा रहा ,पर ना माने हार।*

***-महेंद्र कुमार वर्मा***

## हाइकु - बेमौसम बारिस

*बादल आई/बेमौसम बारिस/फसल नष्ट ।*
*वो मेहनत/बह गई पानी में/लाचार हुए ।*
*कहर देखो/द्रवित हुआ मन/मायूसी छाई ।*
*ज्वलंत हुई/ये समस्या गंभीर/हो रही वर्षा ।*
*आती बीमारी/बढ़ती प्रदूषण/वैश्विक चिंता ।*
*फसलें खड़ी/जन-धन की हानि/आँखों में पानी ।*
*किसान बैठा/व्याकुल मन रोता/कितनी हानि ।*
*सोंचते रहे/असह्य पीड़ा होती/आपदा ना हो ।*
*दुर्दशाग्रस्त/ये बारिस न आती/फसलें होती ।*
*आपदा बड़ी/बेमौसम बारिस/सब बर्बाद ।*
*कटते वृक्ष/बिगड़ती प्रकृति/असंतुलन ।*

***-मुकेश उइके मयारू***

## नैनों की भाषा समझ सकोगे क्या

*इस कोलाहल में नैनों की भाषा समझ सकोगे क्या*
*गर समझे इस भाषा को मन आभारी है*
*तन मन जीवन और समर्पित सांसे सारी हैं*
*मूक हो गया तन मन अधरों का कम्पन्न समझ सकोगे*
*क्या*
*इस कोलाहल में नैनों की भाषा समझ सकोगे क्या*
*बिखर चुके है पुष्प सभी अब डाली से*
*कलियों को उम्मीद नही अब माली से*
*इस सूखे उपवन के दर्दो को समझ सकोगे क्या*
*इस कोलाहल में नैनों की भाषा समझ सकोगे क्या*
*भ्रमर एक से एक मिले मधुमासो में*
*पुष्प एक से एक खिले मधुमासों में*
*तुम बतलाओ पतझड़ में जीवन को समझ सकोगे क्या*
*इस कोलाहल में नैनों की भाषा समझ सकोगे क्या*

***- सुब्रत राय सिद्धार्थ***

*विश्व कविता दिवस विशेष-*

## सब समेटो और खोलो अपने घर का ताला !

*माना मन के भाव एक माला में पो लूं*
*उससे पहले उनको शीतल जल में धो लूं*
*फिर बना लूं, मन की खुशियों की माला,*
*उद्विग्न हो जाऊं तो घुलता है जीवन का हाला,*
*रात धवल चांदनी बिछी हुई है, वृक्षों के बीच,*
*बस, थोड़ी देर ही है, मदिरालय खुलने वाला,*
*मन के समंदर में ऊंची-ऊंची लहरों ने खोल*
*दिया मन का पाला, एक हाथ बॉटल, ठहरी,*
*दूसरे हाथ में मचल रहा प्याला, मौसम फिसल*
*रहा, हवाओं के तूफानों में सब झूम रहे हैं पर*
*इन हाथों से कहां मदिरा का छूट रहा प्याला,*
*नशे के अंजूमन में आंखों में धुंधलाती तस्वीरों*
*ने कह दिया, तुम्हारी आंखों में पड़ गया जाला,*
*तुम्हें साफ नहीं दिखने वाला, इस जंगल में,*
*रात बीत गई, बात बीत गई, भोर हो रही हैं,*
*सब समेटो और खोलो अपने घर का ताला !*

***- मदन वर्मा माणिक***

## कोई ख़्वाबों मे आने लगता है

*अरमानो की जब कलियाँ खिलने लगता है*
*सपने भी जब हकीकत में दिखने लगता है*
*मन जब मन ही मन ख्वाब सजाने लगता है*
*तब धीरे-धीरे कोई ख़्वाबों मे आने लगता है*
*बसंत जब-जब जग में आने आतुर होता है*
*पतझड़ के बाद ही बहार का मौसम होता है*
*जब मधुबन सदा सुहावना सा प्रतीत होता है*
*तब धीरे-धीरे कोई दिल मे समाने लगता है*
*मन का मयूरा जब-जब मगन हो झूमता है*
*निर्मल पवन जब धरा का आँचल चूमता है*
*अंबर से धरा पर जब प्रेम की धारा बहता है*
*तब धीरे-धीरे कोई कानों में कुछ कहता है*
*अमुवा की हर मौर मन को लुभाने लगता है*
*पलाश की फूल से दिल डगमगाने लगता है*
*मौसमी खुमार जब तन-मन को सुहाता है*
*तब धीरे-धीरे किसी की याद सताने लगता है*
*आओ इस बयार में हम सब भी बह जाये*
*मन की बातें अपने साथी को भी कह जाये*
*जब एक की बातें दूजे को भी भाने लगता है*
*धीरे-धीरे तन्हाई का आलम अच्छा लगता है*

***-प्रमेशदीप मानिकपुरी***

## जाति जाती क्यों नहीं

*इस देश में जाति से हमारी पहचान है,*
*जाति जाने बिना लोग एक दूजे से अनजान हैं,*
*कुछ लोगों का जाति से होता है सम्मान ,*
*बहुतों का जाति देख होता नित्य अपमान है,*
*सुना था जाति में बंटे होते हैं जानवर,*
*पर यहां जाति में ही बंटा हर इंसान है,*
*कौन भगवान बचायेगा इस जाति से,*
*पर देखो जाति में खुद बंटा भगवान है,*

*जाति से होता पूजा पाठ*
*जाति से होती आरती,*
*जाति से होता अजान है,*
*जाति रे जाति तू जाती क्यों नहीं,*
*एक दिन भी इंसानियत के साथ*
*आती क्यों नहीं,*
*सोचो जाति से होता किसका कल्याण है,*
*लेकिन हमने तो देखा बार बार जाति बेमौत पहुंचा देती श्मसान है।*

***-अनिल बंजारे स्वच्छंद***

## नारियों के प्रतिष्ठा का पर्व नवरात्रि

*आदि शक्ति माँ भगवती,शत-शत तूझे प्रणाम है।*
*तू ही मुक्ति,तू ही भक्ति,और, तू रक्षा का धाम है।*
*तू जग-जननी,तू जन-कल्याणी,तेरा दुर्गा नाम है।*
*भक्तन के तुम पालक, आशीष देना तेरा काम है।*
*तू दयामयी,तू वात्सल्यमयी,तू ममता की छांव है।*
*तुम कृपा के सागर हो, चारो धाम ही तेरा पाँव है।*
*हे महिषमर्दिनी,हे वज्रधारिणी,तू ही पुरनकाम है।*
*तुम ही सुर-नर की रक्षक,माँ तुमसे जग महान है।*
*माँ की सेवा होती है तो,माँ तेरी पूजा हो जाती है।*
*माँ की खुशियों में ही माँ,तू भी खुश हो जाती है।*
*नारी शक्ति की प्रतिष्ठा से, तेरी सेवा पूरी होती है।*
*दिन नवरात्र में यही, साधना जरूरी होती है।*
*जहां नारी का होता सम्मान,वहीं होता उत्थान है।*
*जहां नारी की पूजा होती ,वहीं देवों का ध्यान है।*
*तेरी प्रतिष्ठा से ही,माँ बेटियों का, सम्मान का है।*
*नवरात्रि से ही बनता माँ बेटियों का अभिमान है।*

***-अशोक पटेल आशु***

## नवरात्रि .....एक विज्ञान

**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै**

विज्ञान के अनुसार सृष्टि की उतपत्ति ब्रह्मांड में विस्फ़ोट big bang द्वारा हुई बताते हैं। इस विस्फ़ोट का कारण कॉस्मिक पावर (आदि शक्ति) बताते हैं और इस कॉस्मिक पावर से विस्फ़ोट द्वारा दो नई शक्तियों की उतपत्ति हुई। white hole (गौरी) और black hole (काली)

White hole से ब्रह्माण्ड के समस्त पिंड ( तारे, ग्रह,नक्षत्र, उपग्रह, उल्कापिंड, आकाशगंगा आदि ) उत्पन्न हुए और क्ध्यड्डद्मद्द द्धश्द्यद्द के पास आने पर वह इन समस्त पिंडो को निगल जाता है।

इन तीनों शक्तियों ( आदी, काली और गौरी ) का नियंत्रण जिनके वश में है वे ही परमेश्वर (शिव = कल्याणकारी) कहलाते हैं। शिवजी जब प्रसन्न होते हैं तो सृष्टि की उत्पत्ति होती है और जब क्रोध में होते हैं तब प्रलय।

उस आदि शक्ति ( cosmic energy ) की उपासना का पर्व ही नवरात्र है।

***अग्नि में जलाने की शक्ति***
***पानी में भिगोने की शक्ति***
***वायु में सुखाने की शक्ति***
***आकाश में वर्षा की शक्ति***
***धरती में धारण करने की शक्ति***
***बीज में अंकुरण की शक्ति***

जीवात्मा में बुद्धि,निद्रा,क्षुधा,छाया, शक्ति, तृष्णा,क्षमा,जाती, लज्जा, शांति,श्रद्धा,कांति,लक्ष्मी, वृत्ति, स्मृति, दया,तुष्टि,मातृ, भ्रांति और इंद्रियों की शक्ति उस सर्वत्र व्याप्त रहने वाली दिव्य शक्ति को कोटि कोटि प्रणाम। या देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

**-पं.रामगोपाल शर्मा गुरुजी**

## कविता-

*अपनी कलम का तेज अलग है,*
*इसकी पैनी धार अलग है !*

*अपनी कलम का तेज अलग है,*
*इसकी पैनी धार अलग है,*
*जबतब लिखती, आग उगलती,*
*और लिख जाती शौर्य गान !*

*महाराणा, वीर शिवा की गाथा लिखती,*
*बलिदानी झांसी की रानी का करती,*
*गुणगान, मेरी कलम लिख जाती शौर्यगान,*
*अपनी कलम का तेज अलग है,*
*इसकी पैनी धार अलग है,*
*जबतब लिखती, आग उगलती,*
*और लिख जाती शौर्य गान !*

*मेरी कलम की धार अलग हैं,*
*झुकती नहीं तलवार अलग हैं,*
*कतल करें तो मार अलग हैं,*
*दुश्मनों से ललकार अलग हैं !*

*अपनी कलम का तेज अलग है,*
*इसकी पैनी धार अलग है,*
*जबतब लिखती, आग उगलती,*
*और लिख जाती शौर्य गान !*

***- जयश्री वर्मा (सेनि. शिक्षिका)***

## सन्नाटा

*है...चारो तरफ*
*सन्नाटा...*
*मैं स्तब्ध....*
*वो मौन...*
*निःशब्द...*
*मैं ने कहां*
*कुछ तो बोलो...*
*क्या शब्द नही*
*तुम्हारे पास...*
*कोई बात नही...*
*आँखो से बोलो...*
*सुन भी लेती है*
*आँखे मेरी....*
*क्या ...*
*आँखों में नमी है...*
*आँखों के अधर*
*डूबे है नमी में.....*
*नही पा रहे है आँखो के अधर...*
*कोई बात नही*
*तुम मौन ही रहो.....*
*समझ लेता है*
*मेरा मन.....*
*मौन की भी भाषा...*
*बहुत कुछ कह दिया...*
*उसने मौन .....*
*रह कर.....*
*बहुत कुछ.....*
*समझ लिया*
*मै ने स्तब्ध....*
*रह कर......*

*है...चारो तरफ*
*सन्नाटा....*
*मै स्तब्ध.....*
*वो मौन....*
*निःशब्द....*
*अब सिर्फ.....*
*सन्नाटा बोल रहा है*
*वो भी.....*
*निःशब्द....*
*मूक बधिर सा...*

***-डॉ.सूर्यकांत गुजराती***


## समाधि

*कोई कहता है.....*
*बहुत अंदर तक*
*तबाही मचाता है.....*
*वो आँसू*
*जो आँख से बह नहीं पाता।*
*कहता होगा....*
*वो उसकी, अपनी*
*सोच होगी...*
*ने तो ऐसे सारे आँसूओ की*
*समाधि बना दि है...*
*दिल के बीचो बीच.....*
*जो आज तक बह न सके.....*
*साथ ही इसके चारो तरफ*
*हरे भरे रंग बिरंगे मुस्कुराते हुवे*
*फूलों की क्यारी सजा रखी है।*
*इन मुस्कुराते हुवे फूलो को*
*जिंदा रखने के लिए आहार तो होना....*
*एक आत्मविश्वास से भरा*
*पानी का फुहारा ...*
*किसी कोने में पुरानी भूल जाने*
*यादो का खाद ...*
*इनके पोषण के लिऐ सजा रखा है।*
*रोज नही....*
*कभी कभी आ जाता हूँ*
*मत्था टेकने.....*
*दो जलती हुई अरमानो की*
*अगरबत्ती लेकर....*
*आखिर क्यो नही आऊ...*
*ये आँसू है तो मेरे ही खुन के अंश.....*
*तबाही के पहले ही....*
*बड़े प्यार से ...*
*सुला देता हूँ इन आँसूओ को.....*
*आते वक्त समाधि की*
*तरफ नही....*
*मुस्कुराते हुवे फुलो की*
*तरफ देखते हुवे .....*
*नई आशा व विश्वास के*
*साथ चला आता हूँ*
*अपनी नई दुनिया में..*

***-डॉ. सूर्यकांत***

# इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एजुकेशन फेयर 2023 में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे छात्र, इंटर्नशिप-स्कॉलरशिप के साथ मिला विदेशी यूनिवर्सिटीज में सीधे प्रवेश का मौका





**>>1000 से अधिक छात्र हुए शामिल**

**>> 50 यूनिवर्सिटीज में मिला इंटर्नशिप,**

**>> स्कॉलरशिप, क्रेडिट ट्रांसफर और स्टूडेंट/फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम आदि की विस्तृत जानकारी**

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विदेशी युनिवर्सिटी में पढ़ने का सपना रखने वाले विद्यार्थियों के लिए वन स्टॉप सोल्यूशन की तरह काम कर रहे स्टडी मैट्रो प्लेटफार्म द्वारा रविवार को इंदौर के होटल मैरियट में आयोजित किये गए इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एजुकेशन फेयर 2023 में 50 से अधिक यूनिवर्सिटीज ने हिस्सा लिया. इस मेगा इवेंट में देश के अलग-अलग हिस्सों से 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जहां उन्हें अमेरिका, कनाडा, यूके, व अन्य यूरोपीय देशों से पहुंची यूनिवर्सिटीज में प्रवेश संबंधी जानकारियों के साथ-साथ डायरेक्ट एडमिशन का अवसर भी मिला. कुल 80+ छात्रों को उनकी योग्यता के हिसाब से यूनिवर्सिटी पाठ्यक्रम में सीधा दाखिला दिया गया. वहीं छात्रों ने इंटर्नशिप के लिए एप्लाई किया, जबकि 200+ छात्रों ने स्कॉलरशिप के लिए आवेदन डालें. सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिक्षा मेले में कई युनिवर्सिटी के डायरेक्टर्स भी शामिल हुआ, साथ ही बच्चों संग उनके अभिभावकों ने भी उचित जानकारी हासिल की.

इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एजुकेशन फेयर 23 के आयोजक व स्टडी मैट्रो प्लेटफार्म के को-फाउंडर अभिषेक बजाज ने कहा कि, ÷देश के अंदर हम हजारों की संख्या में ऐसे छात्र देखते हैं, जो विदेश पढ़ने की इच्छा तो रखते हैं लेकिन सही जानकारी या आर्थिक आभाव में, योग्यता होने के बावजूद पीछे रह जाते हैं. इस इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर के जरिये हमने देशभर के ऐसे सैकड़ों छात्रों को अपने सपने की तरफ आगे बढ़ने और उसे पूरा में एक छोटा सा योगदान देने का प्रयास किया है.÷

बता दें कि इस मेगा इवेंट के जरिये छात्रों व इनके अभिभावकों को अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बातचीत करने का अवसर मिला और उन्होंने अपनी प्रोफाइल व करियर से जुड़ी आकांक्षाओं पर विस्तृत जानकारी हासिल की। इसके अलावा यहां पहुंचे छात्रों को विदेशी विश्वविद्यालयों में फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए उपलब्ध स्कॉलरशिप, क्रेडिट ट्रांसफर और स्टूडेंट फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम तथा विदेश में पढ़ने वाले छात्रों के लिए ट्रेनिंग व प्लेसमेंट के अवसरों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई.





# ज्वेलर शाप पर हुई लाखों की चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार,12 लाख के जेवरात बरामद





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। उर्दूपुरा में आभूषण दुकान का शटर तोड़कर 50 लाख की वारदात करने वाले दो बदमाश पुलिस की हिरासत में आ गए हैं। बदमाशों से 12 किलो चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। 8 किलो से अधिक चांदी के आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।**





एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि 24 फरवरी को रात 3 बजे गश्त कर रही जीवाजी गंज थाना पुलिस ने उर्दूपुरा में सांवरिया ज्वेलर्स का शटर खुला हुआ देखा था। दुकान मालिक सतीश दगदी ऊपर ही बने मकान में रहता है। पुलिस ने उसे नींद से जगा कर दुकान का शटर खुला होने की जानकारी ली तो पता चला कि चोरी की वारदात हुई है। मामले में सतीश की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए। दो संदिग्ध काले रंग की एक्टिवा से जाते दिखाई दिए। जिनकी पहचान करने के बाद दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। दोनों ने वारदात करना कबूल कर लिया। उनकी निशानदेही पर 12 किलो चांदी के आभूषण और 20 ग्राम सोने के जेवरात के साथ कुछ नगदी बरामद की गई है। वारदात के बाद फरियादी ने 50 लाख की चोरी होना बताया था। बदमाशों से पूछताछ में 8 से 9 किलो चांदी बेचना कबूल किया गया है जिसकी बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों बदमाशों को मंगलवार न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।

## पूर्व में भी दे चुके हैं चोरियों को अंजाम

बताया जा रहा है कि पुलिस की हिरासत में आए बदमाश धीरज पिता गजेंद्र सिंह निवासी गांधीनगर और साजिद पिता अशद निवासी चिमनगंज मंडी है। धीरज पूर्व में भी कई चोरियों को अंजाम दे चुका है जिसके खिलाफ 7 मामले दर्ज होना सामने आए हैं साजिद पर दो वारदात करने के प्रकरण दर्ज है। दोनों मंडी में काम करते हैं। दोनों बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## इनकी रही भूमिका

एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि बदमाशों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा करने में जीवाजी गंज टीआई गगन बादल, उपनिरीक्षक एडमिरल तोमर, प्रधान आरक्षक चंद्रपाल सिंह, मुकेश मुनिया, आरक्षक श्याम, मनीष यादव, संजीव सिंह, धर्मेंद्र और सुनील चौहान की भूमिका रही है।

## गुमटी, ठेले वाले अपने निर्धारित स्थल पर ही व्यवसाय करें-महापौर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा सोमवार को महाकाल क्षैत्र अन्तर्गत हरसिद्धी से चारधाम मंदिर का निरीक्षण करते हुए गुमटी, ठेला व्यवसाईयों से निवेदन किया कि आप अपने निर्धारित स्थल से ही अपने व्यवसाय का संचालन करे, सड़क तक सामग्री रख यातायात अवरूद्ध ना करें। महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा हरसिद्धी से चारधाम मंदिर तक का निरीक्षण करते हुए यहां की गुमटी, ठेला व्यवसाईयों से चर्चा करते हुए कहां कि सड़क तक सामग्री रख अपना व्यवसाय ना करे इससे यातायात अवरूद्ध होता है साथ ही आने -जाने वाले नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है आप अपने निर्धारित स्थल से व्यसाय का संचालन करे, इसका विशेष ध्यान रखा जाएं।

# जेल अधीक्षक अस्पताल में भर्ती,जेल गबन कांड में एक आरोपी और बढ़ा, 10-10 हजार का ईनाम घोषित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेंट्रल जेल भैरवगढ़ में हुए जीपीएफ (डीपीएफ) गबन कांड में पुलिस ने एक आरोपी को और नामजद किया है। प्रहरी रिपूदमनसिंह, शैलेन्द्रसिंह के बाद पुलिस ने जारी जांच के चलते घनश्याम लोधी को भी आरोपी बनाया है।तीनों ही फरार हैं। पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार शुक्ल के अनुसार तीनों पर 10-10 हजार का ईनाम घोषित किया गया है।जेल अधीक्षक उषा राजे से शनिवार को ही पूछताछ हो सकी है।वे अगले दिन से इंदौर के अस्पताल में भर्ती हैं।

भैरवगढ़ सेंट्रल जेल में संभाग के जेलों में पदस्थ करीब 100 कर्मचारियों के जीपीएफ (डीपीएफ) का गबन हुआ है।गबन की यह राशि 15 करोड़ से अधिक जेल विभाग एवं कोष एवं लेखा विभाग की जांच में सामने आई है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने जिला कोषालय के सहायक अधिकारी सुरेन्द्र भावर की शिकायत पर एक सप्ताह पूर्व मामले में जेल प्रहरी एवं लेखा शाखा देख रहे रिपूदमनसिंह पर धारा 420 में प्रकरण दर्ज किया था।इसके उपरांत जांच में शैलेन्द्रसिंह का नाम सामने आया था उसे भी आरोपी बनाया गया था। जांच के दरमियान ही एक अन्य प्रहरी घनश्याम लोधी का नाम सामने आने पर उसे भी प्रकरण में नामजद किया गया है।एसपी शुक्ल के अनुसार प्रकरण में पुलिस ने धारा 409,467,468,471,34 की वृद्धि की है।आरोपियों के बैंक खाते सीज करवाए गए हैं।उनके खातों से पैसा ट्रांसफर होने वाले खातों पर भी नजर रखी जा रही है।प्रकरण में आगे तथ्य एवं साक्ष्य के आधार पर धाराओं में और वृद्धि की जा सकती है।आरोपियों के अकाउंट से जिन अकाउंट में पैसा गया है उनसे भी पुलिस पूछताछ की तैयारी की गई है।ऐसे करीब 30-32 खाता धारकों को चिन्हित किया गया है।पुलिस की जांच के लिए गठित विशेष टीम के प्रमुख एएसपी डा.इंद्रजीत बाकलवार के अनुसार प्रकरण में जेल अधीक्षक उषा राजे से शनिवार को पूछताछ प्रारंभिक ही हो सकी है। शनिवार को उनके असहयोगी रूख के कारण उन्हे हिरासत में लेकर भैरवगढ़ थाना पर 10 बजे तक महिला अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभिक पूछताछ ही हो सकी थी। रविवार को उन्हे तलब किए जाने पर वे बयान देने नहीं पहुंची ।सीएसपी ने उन्हें संपर्क किया था। सीएसपी अनिल मौर्य के अनुसार रविवार को उन्हें बयान के लिए थाना आना था लेकिन उनके नहीं आने पर उन्हें उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क किया गया तो उधर से उनकी बेटी ने मोबाईल उठाकर मुझे बताया कि मम्मी को इंदौर के मेडिकेयर अस्पताल में भर्ती किया गया है माईनर अटैक के चलते उन्हे यहां लाए हैं वे आईसीयू में हैं।जेल अधीक्षक से सीधे बात नहीं हो सकी थी। प्रकरण में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम और सायबर सेल लगी हुई हैं।

उज्जैन में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाएं

## बीती रात महाकाल क्षेत्र में दो चोरी की घटना हुई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकाल थाना क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन यात्रियों के साथ वारदात होना सामने आया है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात यादव धर्मशाला में ठहरे महाराष्ट्र के श्रद्धालु परिवार के सिरहाने से बैग में रखी डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत की ज्वेलरी चोरी हो गई। फरियादी सोमवार सुबह जब महाकाल थाने रिपोर्ट लिखाने पहुंचे तो थाने के स्टाफ ने उनसे आवेदन लेकर रवाना कर दिया। हालांकि फरियादी के पास पूरी घटना के सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद हैं।

रविवार को इंदौर स्थित होटल कलश से दिल्ली और विदिशा के दो परिवारों के साथ पिस्टल दिखाकर लूट की घटना की वारदात को 24 घंटे भी नहीं बीते थे और महाकाल थाना क्षेत्र में ही थाने से महज़ डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर माधव सेवा न्यास की पार्किंग के सामने स्थित यादव धर्मशाला में ठहरे महाराष्ट्र के एक परिवार के साथ भी चोरी की घटना हो गई।महाराष्ट्र के अकोला जिला स्थित मूर्तिजापुर से राहुल पिता नंदलाल साहू अपनी पत्नी कस्तूरी और भाई हर्षल के साथ 1 दिन पहले महाकाल दर्शन करने उज्जैन पहुंचे थे। वे यादव धर्मशाला में ठहरे थे।रविवार सोमवार की दरमियानी रात लगभग एक से1:30 बजे के बीच किसी अज्ञात युवक ने राहुल की पत्नी कस्तूरी के सिरहाने रखे बैग से लग्भग तीन तोला वज़न के अंगूठी,चेन,बच्चे का लॉकेट और कान के झुमके चोरी कर लिए घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें चोर घटना को अंजाम देता हुआ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। आरोपी ने बैग उठाकर उसमें से सोना निकाला और बैग वहीं रख कर निकल गया। हालांकि बैग में लगभग 20 हज़ार रुपये की नगदी भी रखी हुई थी जो सुरक्षित है। अपने साथ हुई घटना की शिकायत करने जब फरियादी परिवार महाकाल थाने पहुंचा तो उसकी शिकायत को गंभीरता से न लेते हुए केवल एक आवेदन लेकर परिवार को रवाना कर दिया गया। जबकि फरियादी राहुल के मोबाइल में घटना के सीसीटीवी फुटेज मौजूद हैं।

## विक्रम टीला पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है इसका व्यवस्थित रूप से रख रखाव हो- महापौर

**गुड़ी पड़वा पर हिन्दु नववर्ष का किया जाएगा स्वागत**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकाल लोक के पीछे रूद्र सागर के मध्यम से विक्रम टीले पर सम्राट विक्रमादित्य और उनके नौ दरबारियों का दरबार बनाया गया है। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने सोमवार को विक्रम टीले का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि विक्रम टीला पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है, इसका व्यवस्थित रूप से रख रखाव किया जाए। गुड़ी पड़ाव नगर गौरव दिवस के अवसर पर विक्रम टीले पर हिन्दु नववर्ष का स्वागत करते हुए विभिन्न भजन मण्डलीयों द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ किया जाएगा।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने सोमवार को रूद्र सागर स्थित विक्रम टीले का निरीक्षण करते हुए कहां कि विक्रम टीला पर्यटन की दृष्टि से अति सुन्दर स्थान है यहां बाहर से आने वाले श्रृद्धालुओं का आगमन होता है जो उनके लिए आकर्षण का केन्द्र है, यहां सम्राट विक्रमादित्य के शासन काल की व्यवस्थाओं को दर्शाते हुए उनके नौ रत्नों के साथ दरबार को बनाया गया है इसका व्यवस्थित रूप से रख रखाव किया जाए। महापौर श्री टटवाल ने निर्देशित किया कि विक्रम टीले का आवश्यक संधारण कार्य करवाया जाएं साथ ही यहां सफाई व्यवस्था सुचारू बनी रहे ऐसा प्रयास किया जाए। महापौर श्री टटवाल ने कहां कि यहां की प्रतिमाओं का संधारण कार्य करवाते हुए उनका रंग रोगन किया जाए तथा सौन्दर्यीकरण के कार्य करवाए जाएं एवं आवश्यकता अनुसार प्रकाश व्यवस्था की जाएं। महापौर श्री टटवाल ने बताया कि गुड़ी पड़वा नगर गौरव दिवस के अवसर पर विक्रम टीले पर सूर्य को अर्ध्य देकर हिन्दु नव वर्ष का स्वागत किया जाएगा, तथा नागरिकों का मंगल तिलक लगाकर गुड, धनिया, नीम की पत्ती खिलाकर स्वागत किया जाएगा ।

## आयुक्त ने ई-केवाईसी सेंटर का निरीक्षण किया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा सोमवार को वार्ड क्रमांक 30 एवं 32 में ई-केवाईसी सेंटर का निरीक्षण करते हुए यहां पर कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा करते हुए ई-केवाईसी की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी अपलोड किये जाने हैं। इस हेतु नगर निगम द्वारा वार्डो में शिविर लगाकर आवेदन हेतु पात्र हितग्राहियों के दस्तावेज पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा है इसके लिए निगम कर्मचारियों को तैनात किया गया है निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने वार्ड क्रमांक 30 एवं 32 में ई-केवाईसी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए यहां कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा की गई साथ ही ई-केवाईसी केन्द्र की व्यवस्थाओं को देखा एवं निर्देशित किया कि केन्द्र पर आने वाले हितग्राहियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएं, आवेदन में लगने वाले दस्तावेजो का पूर्ण परिक्षण किया जाएं एवं जो कमियां है उन्हे पूर्ण करवाया जाएं तथा उन्हे जनकारी दी जाए कि ई-केवाईसी पूर्णतः निःशुल्क है।

## वर्षा एवं अतिवृष्टि से फसल नुकसान की भरपाई हेतु बीमित किसान आवेदन करें

**टोलफ्री नंबर 18002337115 नुकसान की सूचना दें**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि विभाग द्वारा सभी किसान भाइयों को सूचित किया गया है कि उज्जैन जिले में किसी भी प्रकार के फसल नुकसान होने पर नुकसान की जानकारी फसल खराब होने के 72 घंटे के अंदर फसल बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के टोलफ्री नंबर 18002337115 पर सूचना दें। साथ ही किसान भाई Crop insurance app जिसे प्लेस्टोर से डाउनलोड कर या ila.aicw®v}@gmail.com या ro.bhopal@aicofind-ia.com सहदावा पत्र भेजने के लिए ईमेल आईडी पर दिए गए पत्रक को भरकर फसल नुकसान की शिकायत बीमा कंपनी को भेज सकते हैं। आवेदन के साथ में बी-1 की कॉपी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक (जिसमें प्रीमियम कटी हो) की कापी, फार्म की कापी एवं संबंधित कागज बैंक में (जहां बीमा करवाया हो), वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ऑफिस, कार्यालय उप संचालक कृषि या जिला स्तर पर बीमा कंपनी को भी जमा कराना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय एवं संबंधित बीमा कंपनी. एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के जिला प्रबंधक श्री भगवान सिंह से मोबाइल नंबर 6263044598 पर सम्पर्क कर सकते है।

## सार समाचार

### पति ने जमकर शराब पी और फांसी लगा ली

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पत्नी 2 बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। रात में पति ने जमकर शराब पी और फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

पवासा थाना पुलिस ने बताया कि पाटपाला में रहने वाले गजेंद्र पिता केसर सिंह 28 वर्ष जेसीबी का संचालन करता था । 2 दिन पहले पत्नी 2 बच्चों को लेकर मायके कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। पत्नी के जाने के बाद शनिवार दोपहर से ही गजेंद्र ने शराब पीना शुरू कर दिया। उसने इतना अधिक नशा किया की पिता ने उसे बमुश्किल संभाला और कमरे में सोने के लिए भेज दिया। रविवार 10.30 बजे तक वह नींद से नहीं जागा तो पिता उसे देखने के लिए पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था वेंटीलेशन से देखने पर गजेंद्र पंखे पर लटका हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का कहना था कि नशे में उसने आत्मघाती कदम उठाया है घर में कोई परेशानी नहीं थी पति-पत्नी भी अच्छे से रहते थे। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है मृतक ने फांसी लगाने के लिए दरवाजे पर लगे पर्दे का फंदा बनाया था।

### शिप्रा नदी से युवती की लाश मिली

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिप्रा नदी से युवती की लाश बरामद की गई है। उसकी तलाश में परिजन उज्जैन पहुंचे थे। युवती नर्सिंग कोचिंग कर रही थी और इंदौर जाने का बोल कर घर से निकली थी।

महाकाल थाना पुलिस को आज सुबह कुछ लोगों ने सूचना दी कि नरसिंह घाट पर एक युवती की लाश शिप्रा नदी में दिखाई दे रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। युवती इंदौर के समीप राउ की रहने वाली प्रियंका पति देवेंद्र वानखेडे 25 वर्ष होना सामने आई। रविवार को उसके परिजन तलाश में महाकाल थाने पहुंचे थे। लाश मिलने के बाद पुलिस ने परिजनों को मामले की जानकारी दी दोपहर में परिजन उज्जैन पहुंचे है। बताया जा रहा है कि प्रियंका मूल रूप से बैतूल की रहने वाली थी उसका विवाह हो चुका था और एक बेटी की मां थी। परिजन उसे 2 दिनों से तलाश कर रहे हैं। प्रियंका नर्सिंग कोचिंग कर रही थी और घर से इंदौर जाने का बोल कर निकली थी जब वह शाम तक नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की राउ पुलिस ने प्रियंका के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की तो महाकाल लोक की होना सामने आई थी। जिसके चलते परिजन महाकाल थाने तक पहुंचे थे कुछ पता नहीं चल पाया। फिलहाल प्रियंका द्वारा आत्महत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया। जांच और परिजनों के बयान पर ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

### दो युवकों से नौ किलो गांजा परिवाहन करते पकड़ा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाइक पर सवार युवकों के पास मादक पदार्थ होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की और दोनों को हिरासत में लिया तो 9 किलो गांजा बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि बीती शाम बाइक सवार दो युवकों के पास मादक पदार्थ होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने नागझिरी फंटा पर घेराबंदी की। दोनों युवकों के आते ही उन्हें पकड़ा गया और तलाशी ली गई तो एक थैली में भरा मादक पदार्थ बरामद हो गया। दोनों को थाने लाकर जांच शुरू की गई मादक पदार्थ गांजा होना सामने आया जो करीब 9 किलो 90 हजार रुपए कीमत का है। एक युवक गांजा लेकर आया था और दूसरा उसे लेकर जाने वाला था। जिनके नाम जितेंद्र पिता जगदीश बंजारा और राजेश पिता कन्हैया लाल प्रजापत होना सामने आए हैं दोनों उन्हेल थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। आज दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। दोनों के पास से 30,000 कीमत की बाइक भी जप्त की गई है।

### कार्योत्तर स्वीकृति की बैठक आज होगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त श्री संदीप यादव की अध्यक्षता में राज्य शासन के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को शासन द्वारा मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालयों में कराये गये उपचार की कार्योत्तर स्वीकृति के प्राप्त प्रकरणों के निराकरण के लिये मंगलवार 21 मार्च को दोपहर 12.30 बजे बैठक संभागायुक्त के कक्ष में आयोजित की जायेगी। इस आशय की जानकारी स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग के क्षेत्रीय संचालक द्वारा दी गई।

### भूतडी अमावस्या एवं गौरव दिवस के लिये घाट सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भूतडी अमावस्या पर्व पर क्षिप्रा नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडने की संभावना को देखते हुए जिला सेनानी होमगार्ड/एसडीईआरएफ श्री संतोष कुमार जाट ने सोमवार को घाटों का निरीक्षण किया एवं जवानों को दिशा/निर्देश दिये। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के लगभग 120 जवान त्रिवेणी घाट, भूखीमाता घाट, नृसिंह घाट, रामघाट, सुनहरी घाट, मंगलनाथ घाट, सिद्धवट घाट एवं केडी पैलेस पर आवश्यक आपदा उपकरणों के साथ तैनात किये गये हैं। भूतडी अमावस्या पर्व पर केडी पैलेस पर अधिक श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसके देखते हुए केडी पैलेस पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था हेतु एसडीईआरएफ की प्रमुखता से तैनाती की गई है।आगामी 22 मार्च को रामघाट पर मनाये जाने वाले गौरव दिवस हेतु घाट पर आठ मोटरबोट एवं आपदा उपकरणों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु 45 जवान रामघाट पर तैनात किये गये हैं। शिप्रा नदी की सम्पूर्ण घाट सुरक्षा व्यवस्था हेतु होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के छह प्लाटून कमाण्डर सहित 120 जवानों को जिला सेनानी श्री संतोष कुमार जाट के निर्देशन में तैनात किया गया है।

### भूतड़ी अमावस्या पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था के लिये ड्यूटी लगाई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर एडीएम श्री अनुकूल जैन द्वारा 21 मार्च को भूतड़ी अमावस्या पर्व के अवसर पर शिप्रा नदी तट स्थित बावन कुंड एवं अन्य शिप्रा घाटों पर स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन, पूजन, स्नान एवं शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये विभिन्न कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी किये गये ड्यूटी आदेश के अनुसार एसडीएम श्री राकेश शर्मा की 20 मार्च को रात्रि 8 बजे से 21 मार्च की प्रातः 6 बजे तक तथा 21 मार्च की दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। एसडीएम श्री संजीव साहू की ड्यूटी 21 मार्च की प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक व रात्रि 10 बजे से पर्व समाप्ति तक लगाई गई है।

### मेयर इन काउंसिल सम्मिलन आज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्री मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल सम्मिलन आज दिनांक 21.03.2023 को प्रातः 11.00 बजे महापौर कार्यालय ग्राण्ड होटल एमआईसी हॉल में आयोजित होगा, सम्मिलन में निगम बजट निर्धारण के संबंध में विभागवार विचार विमर्श किया जाएगा।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )